




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026












## नक्सली ब्लास्ट में पैर खोया, हौसला नहीं, दो माह में ड्यूटी पर लौट आया

*बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त करने में जान लड़ा देने वाले घायल जवानों की कहानी उन्हीं की जुबानी के दूसरे भाग में हम बात कर रहे हैं डीआरजी के उस जांबाज कमाण्डो घांसीराम मांझी की। उन्होंने नक्सलियों की ओर से फायरिंग के बाद किए गए आईईडी ब्लास्ट में अपना दायां पैर गंवा दिया और बांया पैर फ्रैक्चर हो गया लेकिन उसने अपना हौसला नहीं खोया और एक पैर कटने के बाद भी पूरी जिंदादिली से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है। दो माह से अधिक अस्पताल में उपचार कराने के बाद वह पुनः अपनी ड्यूटी कर रहा है।*

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि खास

घांसीराम को अपना पैर खोने का गम नहीं है बल्कि इस बात की खुशी है कि माड़ अब पूरी तरह नक्सलमुक्त हो चुका है। उन्हें यह देख-सुनकर अच्छा लग रहा है कि इलाके में पूरी तरह शांति बहाली हो चुकी है। यही उनकी सबसे बड़ी जीत है। घांसीराम ने घटना को याद करते हुए बताया कि जिला मुख्यालय नारायणपुर से लगभग 45 किमी दूर ग्राम तोके इलाके में नक्सलियों ▶▶|शेष पेज 7 पर




### किसान परिवार से, परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं पर

घांसीराम मांझी ने बताया कि वर्ष 2009 में बतौर एसपीओ भर्ती हुए थे। इसके बाद वर्ष 2011 में आरक्षक फिर ट्रेनिंग के बाद डीआरजी का हिस्सा बने। इस दौरान वे कई मुठभेड़ में शामिल रहे और नक्सलियों को अपनी टीम के साथ मार गिराया। इसके बाद 20 दिसम्बर 2024 को यह हादसा हो गया। इससे पूर्व वह खेती किसानी का काम ▶▶|शेष पेज 7 पर

### अदम्य साहस और बलिदान की जीवित कहानियां

बीते 38 साल में बस्तर रेंज में माओवादी घटनाओं के दौरान 2055 सुरक्षा कर्मी घायल हुए जो केवल आंकड़े नहीं बल्कि अदम्य साहस और बलिदान की जीवित कहानियां हैं। अनेक वीर जवानों ने इस संघर्ष में अपने अंग और आँखों की रोशनी तक खो दी फिर भी उनका संकल्प कभी नहीं टूटा और वे बस्तर की ▶▶|शेष पेज 7 पर

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने की वार्ड अध्यक्षों की सूची जारी पीसीसी ने की दो घंटे में रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन द्वारा वार्डों में अध्यक्षों की नियुक्ति के साथ ही बखेड़ा खड़ा हो गया। पीसीसी के अनुमोदन के बगैर जारी सूची को दो घंटे में ही रद्द कर दिया गया।

गौरतलब है, कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद कार्यकारिणी का गठन होना बाकी है। कई जिलों की जिला कार्यकारिणी अभी नहीं बनी है। इस बीच रायपुर शहर कांग्रेस ने शुक्रवार को वार्ड अध्यक्षों की सूची जारी कर दी। इसी पर बवाल मच गया। इस सूची में 13 वार्डों में एक अध्यक्ष के साथ एक कार्यकारी अध्यक्ष का पद भी रखा गया था। इसका कारण बताया गया कि इन वार्डों का क्षेत्र काफी बड़ा है, इसलिए कार्यकारिणी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बिना अनुमादेन जारी

आदेश में स्पष्ट लिखा है कि शहर अध्यक्ष द्वारा बिना पीसीसी के अनुमोदन के सूची जारी की गई थी, जिसे तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जा रहा है। इस संबंध में शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री मेनन का कहना है कि वार्ड अध्यक्षों की नई सूची पीसीसी के अनुमोदन के बगैर जारी नहीं की जाएगी।

### भड़के ट्रम्प ने दी धमकी- जंगी जहाजों को कर रहे हैं लोड

## लेबनान में सीजफायर से पहले कोई बातचीत नहीं, शांति वार्ता से पहले ईरान ने रखीं शर्तें

*इस्लामाबाद में शनिवार को ईरान और अमेरिका के बीच होने जा रही अहम शांति वार्ता से ठीक पहले माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया है। वार्ता होने को लेकर सस्पेंस खड़ा हो गया है। ईरान ने जहां वार्ता से पहले दो शर्तें रख दी हैं, वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी चेतावनी दे दी है कि अगर यह वार्ता विफल होती है, तो अत्याधुनिक हथियारों से लैस जहाजों को भेज दिया जाएगा। अमेरिका अपने 'सबसे खतरनाक हथियारों' को जहाजों में लोड कर रहा है।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन/तेहरान

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच ईरान ने कूटनीतिक बातचीत को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बघेर गालिबफ ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वार्ता शुरू करने से पहले दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से तय किए गए दो जरूरी मुद्दों का समाधान होना चाहिए। पहला-लेबनान में तत्काल और प्रभावी सीजफायर लागू हो, और दूसरा-ईरान के ब्लॉक किए गए फंड्स ▶▶|शेष पेज 7 पर

- **पाकिस्तान में होने वाली शांतिवार्ता पर संकट के बादल**

### सीजफायर को स्थायी बनाने के लिए कुछ मुद्दों पर होनी है बातचीत



### पाक में होनी है यह वार्ता

अमेरिका और ईरान के बीच शनिवार को इस्लामाबाद, पाकिस्तान में शांति वार्ता होने जा रही है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कर रहे हैं, वेंस ने रवाना होने से पहले कहा था कि यदि ईरान ईमानदारी से बातचीत करेगा, तो अमेरिका तैयार है।

### ट्रंप ने भी दे डाली धमकी

राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को 'द पोस्ट' से चर्चा में कहा कि अगर पाकिस्तान में शांति वार्ता विफल हो जाती है, तो ईरान पर फिर से हमले शुरू करने के लिए अमेरिकी युद्धपोतों में सबसे बेहतरीन गोला-बारूद फिर से भरा जा रहा है। ईरान वाले यह बात समझ ही नहीं रहे हैं कि उनके पास कोई ताकत नहीं है। वे सिर्फ दुनिया को थोड़े समय के लिए परेशान कर सकते हैं, क्योंकि उनके पास अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्ते हैं। सच्चाई यह है कि आज वे जिंदा हैं तो सिर्फ इसलिए कि बातचीत कर सकें।

### बातचीत के मुद्दे

- **ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम-** ईरान को अपना सारा हाई-लीवल इनरिच्ड यूरेनियम बाहर करना होगा और न्यूक्लियर फैसिलिटीज बंद या सीमित करनी होंगी।
- **स्ट्रेट ऑफ होर्मुज-** ईरान इसका नियंत्रण रखना चाहता है वहीं, अमेरिका चाहता है कि रास्ता पूरी तरह खुला और सुरक्षित हो, बिना किसी रुकावट या फीस के। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### क्षेत्र में सनसनी

## गुंडरदेही के जज को परिवार सहित जान से मारने की धमकी मांगी तीन करोड़ की फिरौती




हरिभूमि न्यूजर ▶▶| बालोद

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गुण्डरदेही प्रशांत कुमार देवांगन को जान से मारने से मारने की धमकी देते हुए 3 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई है। यह धमकी भरा पत्र पोस्ट के माध्यम से न्यायालय में भेजा गया, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। धमकी भरे पत्र के 11 दिनों के बाद 8 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई गई है। घटना 27 मार्च 2026 दोपहर करीब 3:25 बजे की बताई ▶▶|शेष पेज 7 पर

### थाना गुण्डरदेही में शिकायत

प्राप्त लिफाफे में एलकेएल. बस्तर, कांकेर छत्तीसगढ़ लिखा हुआ था, जबकि न्यायालय का पता स्पष्ट रूप से अंकित था। पूरा पत्र नीली स्याही से हाथ से लिखा हुआ पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जज ने थाना गुण्डरदेही में शिकायत की है। उन्होंने परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी की है। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने बताया कि न्यायाधीश को धमकी भरा पत्र पोस्ट से मिला है।

## वनतारा ने वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी साइंस के लिए दुनिया की पहली ग्लोबल यूनिवर्सिटी लॉन्च किया



### आधुनिक गुरुकुल और उद्देश्य-आधारित विश्वविद्यालय के रूप में कल्पित इस यूनिवर्सिटी का मकसद भारत को वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी एजुकेशन के लिए एक ग्लोबल हब बनाना है: अनंत अंबानी



**जामनगर (गुजरात),** भारतः रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी की बनाई ग्लोबल वाइल्डलाइफ कंज़र्वेशन ऑर्गनाइज़ेशन, वनतारा ने जामनगर, गुजरात में वनतारा यूनिवर्सिटी शुरू करने की घोषणा की है। यह वन्यजीव संरक्षण और पशु चिकित्सा विज्ञान को समर्पित दुनिया की पहली एकीकृत वैश्विक यूनिवर्सिटी होगी। वनतारा यूनिवर्सिटी की नींव पशु कल्याण, वैज्ञानिक प्रगति और वन्यजीव संरक्षण पर आधारित है। इस संस्थान का लक्ष्य पशु चिकित्सा, संरक्षण और वन्यजीव देखभाल के क्षेत्र में भविष्य के लीडर्स तैयार करना है। इसका पाठ्यक्रम भारत की सदियों पुरानी ज्ञान परंपराओं का उपयोग करके शिक्षा का एक उद्देश्य-पूर्ण और भविष्य-उन्मुखी मॉडल तैयार करेगा। अनंत अंबानी ने कहा, "संरक्षण का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि हम लोगों और संस्थानों को करुणा, ज्ञान और कौशल के साथ जीवों की सेवा करने के लिए कैसे तैयार करते हैं। वनतारा यूनिवर्सिटी की परिकल्पना उस व्यक्तिगत अनुभव से प्रेरित है, जब मैंने संकट में पड़े पशुओं को करीब से देखा और उनकी बेहतर देखभाल के लिए अधिक क्षमता की आवश्यकता महसूस की। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भावना और 'आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः' अर्थात सभी दिशाओं से श्रेष्ठ विचार हमारे पास आएं, के आदर्शों से प्रेरित होकर यह विश्वविद्यालय हर जीवन की रक्षा के लिए समर्पित नई पीढ़ी तैयार करना चाहता है।"





इस विचार को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाने के लिए आधारशिला स्थल के डिजाइन में दो बिजोलिया बलुआ पत्थरों को शामिल किया गया। ये पत्थर प्राचीन विंध्यन भू-विन्यास से लिए गए हैं, जो वर्तमान बिहार में स्थित प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भौगोलिक संरचना से जुड़े माने जाते हैं। ये भारत की ज्ञान और शिक्षा की सतत परंपरा का प्रतीक हैं। हिंदू परंपराओं के अनुसार आयोजित इस शिलान्यास समारोह में शिक्षा, विज्ञान, संरक्षण और सार्वजनिक जीवन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अनंत अंबानी के शिक्षक और मार्गदर्शक भी शामिल हुए।

समारोह का एक मुख्य आकर्षण मिट्टी, जल और पत्थरों को विधि-विधान से स्थापित करने की रस्म थी, जिसे शिलान्यास के एक प्रतीकात्मक कार्य के रूप में संपन्न किया गया। ये तत्व पूरे भारत के जैव-विविधता से समृद्ध विभिन्न भू-भागों से एकत्रित किए गए थे। जिनमें घास के मैदान, वन, आर्द्रभूमि, शुष्क पारिस्थितिकी तंत्र, तथा हिमालयी और देश के उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी, पश्चिमी और मध्य भागों में स्थित अन्य ऊँचाई वाले स्थान शामिल हैं। ये तत्व भारत की प्राकृतिक विविधता और विरासत को दर्शाते हैं। वनतारा यूनिवर्सिटी एक ही शैक्षणिक ढांचे के भीतर विभिन्न विषयों को जोड़ेगी, जिसकी नींव वास्तविक संरक्षण कार्यों के अनुभव पर आधारित होगी। वनतारा के जमीनी अनुभवों को अकादमिक कार्यक्रमों, पेशेवर प्रशिक्षण और वैश्विक स्तर पर उपयोगी शिक्षा ढांचे में बदला जाएगा। करुणा, विज्ञान और संरक्षण के समन्वय के माध्यम से यह संस्थान ऐसे पेशेवर तैयार करेगा जो वन्यजीव और पारिस्थितिकी से जुड़ी जटिल चुनौतियों का समाधान कर सकें। यूनिवर्सिटी अलग-अलग सब्जेक्ट्स में अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट, फेलोशिप और स्पेशलाइज़्ड प्रोग्राम ऑफर करेगी। इनमें वाइल्डलाइफ मेडिसिन और सर्जरी, न्यूट्रिशन, बिहेवियरल साइंसेज, जेनेटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, वन हेल्थ, कंज़र्वेशन पॉलिसी और नेचुरलिस्टिक एनिमल केयर एनवायरनमेंट डिज़ाइन शामिल हैं। वनतारा की कार्यक्षमता के अनुरूप विशेष कॉलेज भी स्थापित किए जाएंगे। साथ ही सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाएंगी। वनतारा यूनिवर्सिटी को एडवांस्ड एकेडमिक और क्लिनिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटरनेशनल कोलेबोरेशन और एक रेजिडेंशियल कैंपस से सपोर्ट मिलेगा। यह पशु कल्याण और उन्नत संरक्षण पद्धतियों को मजबूत करने के लिए कार्य-आधारित शोध पर ध्यान केंद्रित करेगी। शिक्षा मॉडल में प्राकृतिक आवासों (इन-सिटू) और संरक्षित वातावरण (एक्स-सिटू) संरक्षण को जोड़ा जाएगा, ताकि वैज्ञानिक देखभाल और दीर्घकालिक वन्यजीव प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। यह मानते हुए कि संरक्षण का भविष्य केवल जंगलों में ही नहीं, बल्कि कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और मानव चेतना में भी तय होगा, विश्वविद्यालय वन्यजीव पशु चिकित्सा और संरक्षण शिक्षा को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। साथ ही यह वन्यजीव स्वास्थ्य, पशु देखभाल वातावरण और संरक्षण से जुड़े ज्ञान संसाधनों के विकास का दीर्घकालिक मंच बनेगा। शिलान्यास समारोह ने करुणा-आधारित संरक्षण शिक्षा को आगे बढ़ाने के व्यापक राष्ट्रीय प्रयास की शुरुआत भी दर्शाई। इस दौरान 'वनतारा यूनिवर्सिटी फाउंडिंग फेलोज' और 'एवरी लाइफ मैटर्स' छात्रवृत्ति कार्यक्रमों की घोषणा की गई, साथ ही ज्ञान का उपयोग केवल प्रगति के लिए नहीं बल्कि संरक्षण के लिए करने का आह्वान किया गया।अपने दृष्टिकोण के अनुसार वनतारा यूनिवर्सिटी केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि इस विचार का प्रतिनिधित्व करती है कि वन्य जीवन को केवल सराहना ही नहीं, बल्कि ज्ञान, मजबूत प्रणालियों और प्रशिक्षित हाथों की भी आवश्यकता होती है।

### अंबिकापुर पहले, बिलासपुर दूसरे और रायपुर तीसरे नंबर पर

# छह लाख उपभोक्ताओं के बकाया बिजली बिल का समाधान, मिले 37 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश के करीब नौ लाख उपभोक्ताओं के बकाया बिल का निराकरण करने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री बिजली बिल बकाया भुगतान समाधान योजना का प्रारंभ किया गया है। इस योजना में करीब एक माह में ही 70 फीसदी उपभोक्ताओं का समाधान हो गया है। अब तक 8.98 लाख उपभोक्ताओं में से 5.86 लाख ने पंजीयन करा लिया है। इसमें से 4.77 लाख बीपीएल और 88481 एपीएल हैं। इन उपभोक्ताओं से अब तक 37 करोड़ रुपए पंजीयन और बकाया के रूप में मिल चुके हैं। अब उपभोक्ता अपने बकाया का भी भुगतान किस्तों में करेंगे। अंबिकापुर पहले, बिलासपुर दूसरे और रायपुर तीसरे नंबर पर है। योजना 30 जून तक चलेगी।

प्रदेश में बिजली के आम उपभोक्ताओं पर ही तीन हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। इसमें से 31 मार्च 2023 के पहले के उपभोक्ताओं पर दो हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। ऐसे उपभोक्ताओं के लिए ही प्रदेश सरकार ने समाधान योजना का प्रारंभ किया है। इनका पूरा सरचार्ज माफ किया गया है। सरचार्ज की राशि ही 758 करोड़ है। सरचार्ज को छोड़कर उपभोक्ताओं से 15 सौ करोड़ से ज्यादा का बकाया वसूलना है।

#### बीपीएल के लिए बड़ी छूट

योजना में बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को डबल राहत दी गई है। पहली राहत तो जिन उपभोक्ताओं का कनेक्शन 31 मार्च 2023 के पहले कट हो गया है उनको सरचार्ज में पूरी छूट के साथ ही मूल राशि में भी 75 फीसदी की छूट दी जा रही है। इसी के साथ जिन भी बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं का कनेक्शन सक्रिय है, पर उन पर हजारों या फिर लाखों का बकाया है उनको भी इस योजना में राहत दी गई है। ऐसे उपभोक्ता जिन पर बकाया राशि पांच साल से ज्यादा समय से बाकी है, उसको मूल राशि में भी 75 फीसदी की छूट दी गई है। इसी के साथ जिन का बकाया एक से पांच साल के बीच है, उनको मूल राशि में 50 फीसदी छूट दी गई है।

#### एपीएल को दस फीसदी छूट

सामान्य वर्ग के उपभोक्ताओं को बकाया पर मूल राशि में दस फीसदी की छूट उस स्थिति में मिलेगी जब वे सारा बकाया एक साथ जमा करेंगे। अगर तीन किस्तों में बकाया किया जाएगा तो पांच फीसदी की छूट मिलेगी। छह किस्तों में बकाया जमा करने की भी सुविधा मिलेगी, लेकिन इसमें कोई छूट नहीं मिलेगी।

#### अंबिकापुर से 13.47 करोड़, बिलासपुर से 8 करोड़ मिले

प्रदेश के अंबिकापुर डिवीजन में सबसे ज्यादा तीन लाख उपभोक्ता हैं जिन पर बकाया है या फिर उनके कनेक्शन निष्क्रिय हैं। अंबिकापुर में 1.65 लाख ने पंजीयन कराके अपना समाधान कर लिया है। इन उपभोक्ताओं से 13.47 करोड़ मिले हैं। बिलासपुर में 2.25 लाख उपभोक्ता बकाएदार हैं। इनमें से 1.55 लाख का पंजीयन हो गया है। इनसे 8 करोड़ रुपए की वसूली हो गई है। रायपुर डिवीजन में 1.17 लाख उपभोक्ता बकायेदार हैं। इसमें से 88197 का पंजीयन हो गया है। इनसे 4.75 करोड़ मिले हैं। जगदलपुर डिवीजन में 87267 बकाएदारे हैं। इसमें से 67577 का पंजीयन हो गया है। इनसे 70 लाख मिले हैं। दुर्ग में सबसे कम 30589 बकाएदार हैं। इनमें से 16292 का पंजीयन हो गया है। इनसे एक करोड़ पांच लाख मिले हैं। इसी तरह से प्रदेश के अन्य डिवीजन में भी बकाएदारों का पंजीयन हुआ है और उनसे बकाया मिला है।

# किशोर न्याय बोर्ड में 10 प्रधान न्यायाधीशों की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य के 10 जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में प्रधान न्यायाधीशों की नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। हाईकोर्ट के आदेश अनुसार कल्पना भगत को अंबिकापुर, दिव्या गोयल को जशपुर, सविता सिंह ठाकुर को बिलासपुर, सिद्धार्थ आनंद सोनी को जांजगीर, आरती ठाकुर को बेमेतरा, माधुरी मरकाम को राजनांदगांव, अंशुल वर्मा को गरियाबंद, अंकिता तिग्गा को कांकेर, अरुण नोर्गे को महासमुंद, विनय कुमार साहू को धमतरी और मीनू नंद को सुकमा के जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जुवेनाइल बोर्ड बच्चों से जुड़े मामलों के त्वरित और संवेदनशील निपटारे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

#### सीबीआई न्यायालय रायपुर में

इसी तरह हाईकोर्ट ने रायपुर की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी खिलेश्वरी सिन्हा को विशेष न्यायाधीश नियुक्त किया है। उन्हें पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकार क्षेत्र में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई द्वारा जांच किए गए मामलों की सुनवाई और ट्रायल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह अधिकार दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम 1946 के तहत आता है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अध्याय-3 से संबंधित मामलों को इस दायरे से बाहर रखा गया है। विशेष न्यायाधीश के रूप में खिलेश्वरी सिन्हा का न्यायालय रायपुर में स्थित रहेगा।

### पति ने विवाद पर कुल्हाड़ी से पत्नी की हत्या कर खुद भी लगा ली फांसी

**कोण्डागांव।** जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोकोड़ी निवासी दंपति किसी काम से बनियागांव गए थे। गुरुवार रात लौटते समय बल्लारी नाला के पास दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते गंभीर झगड़े में बदल गया। बताया जा रहा है कि आवेश में आकर पति धनेश्वर ने अपनी पत्नी सुखबती नेताम पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद पति ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही कोंडागांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस दर्दनाक घटना में दंपति के दो छोटे बच्चों के सिर से माता–पिता का साया उठ गया।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में नए सत्र से चुकानी होगी फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को भी अब सालाना शुल्क देना होगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से इसे लागू किया जाएगा। अन्य शासकीय विद्यालयों में छात्रों के लिए जो शुल्क निर्धारित है, वही राशि स्वामी आत्मानंद विद्यालय के छात्र भी प्रदान करेंगे। राज्य के शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में हाईस्कूल अर्थात नवमी और दसवीं कक्षा में 410 रुपए और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्थात ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में 445 रुपए निर्धारित है। गुरुवार को हुई स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक में फंड संबंधित कई तरह की समस्याएं प्राचार्यों ने सामने रखी थी। इसके बाद यह निर्णय लिया गया है। इस संदर्भ में पृथक आदेश स्कूलों के लिए नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व जारी कर दिया जाएगा। वर्तमान में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शुल्क नही लिया जा रहा है। सभी शासकीय स्कूलों में समानता की दृष्टि से स्वामी आत्मानंद विद्यालय में भी शुल्क लिए जाने की बात कही गई है। गौरतलब है, गुरुवार को प्रदेशभर के 751 स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक राजधानी रायपुर में आयोजित की गई थी। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी शामिल हुए थे, जहां प्राचार्यों ने समय पर वेतन नहीं मिलने, फंड में कमी के कारण व्यवस्था संचालन संबंधित दिक्कतें गिनाई थी।

#### इन मदों में लेंगे शुल्क

| मद | हाईस्कूल | उमा |
|---|---|---|
| कार्यकलाप | 50 | 50 |
| निर्धन छात्र सहायता निधि | 10 | 10 |
| विज्ञान क्लब निधि | 10 | 10 |
| बालचर निधि | 50 | 50 |
| रेडक्रॉस निधि | 30 | 30 |
| कीड़ा शुल्क | 50 | 65 |
| विज्ञान क्लब | 10 | 10 |
| प्रायोगिक शुल्क | 50 | 70 |
| परीक्षा शुल्क | 150 | 150 |
| योग | 410 | 445 |

#### इसलिए फैसला

कांग्रेस शासनकाल में स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना प्रारंभ की गई थी। शासकीय विद्यालयों में इंग्लिश माध्यम से पढ़ाई कराए जाने के साथ ही इसे निशुल्क करने का भी निर्णय लिया गया। एक रुपए भी शुल्क का भुगतान यहां अध्ययनरत छात्रों को नहीं करना पड़ता था। स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालन के लिए शासन द्वारा प्रत्येक विद्यालय को 5 लाख रुपए प्रदान किए जाते थे। इस राशि से विद्यालयीन व्यवस्था की जाती थी। बीते दो सत्रों से स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को मिलने वाले फंड में कमी आई है। इसके अतिरिक्त फंड भी विलंब से प्रदान किया जा रहा है। आर्थिक समस्या को देखते हुए अब निर्णय लिया गया है कि अन्य शासकीय विद्यालयों की तर्ज पर स्वामी विवेकानंद विद्यालय में भी छात्रों से शुल्क लिया जाएगा, ताकि व्यवस्था पूर्ववत संचालित होती रही।

### डिप्टी सीएम शर्मा, मंत्री यादव, पवन, मूणत सहित कई नेताओं को बड़ा जिम्मा

# बंगाल में तीन दर्जन से ज्यादा भाजपा नेता डटे, कांग्रेस का एक भी नेता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अलग खबर

पश्चिम बंगाल में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के तीन दर्जन से ज्यादा भाजपा के बड़े-छोटे नेताओं को बड़ा जिम्मा दिया गया है। यही नहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी वहां पर भाजपा नेताओं के नामांकन और रैली में शामिल होने गए थे। डिप्टी सीएम विजय शर्मा को केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सभी सभाओं और रैलियों का पूरा जिम्मा दिया गया है। इधर प्रदेश के एक भी कांग्रेसी नेता को बंगाल का जिम्मा नहीं मिला है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने बंगाल चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के कई नेताओं को बड़ा जिम्मा दिया है। सबसे बड़ा जिम्मा तो प्रदेश के भाजपा संगठन के संगठन महामंत्री पवन साय को दिया गया है। उनको वहां पर 56 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। श्री साय तो चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से काफी पहले से बंगाल में डटे हुए हैं। श्री साय बीते छह माह से बंगाल में हैं। इसके बाद विधायक राजेश मूणत को वहां पर सात विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया। उनके साथ क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी को भी लगाया गया है। इसी के साथ पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा को भी वहां पर एक लोकसभा की विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। एक दिन पहले की प्रदेश के मंत्री गजेंद्र यादव भी बंगाल गए हैं। इसी के साथ प्रदेश के कई छोटे-बड़े नेताओं को मिलाकर वहां पर तीन दर्जन से ज्यादा नेताओं को पहले चरण के लिए जिम्मा मिला है। पहले चरण के बाद दूसरे चरण के लिए भी प्रदेश के नेताओं को जिम्मा दिया जाएगा।

#### डिप्टी सीएम को बड़ा जिम्मा

प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा को वहां पर बड़ा जिम्मा दिया गया है। उनको केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सभाओं के साथ रैलियों और सभी कार्यक्रमों की कमान सौंपी गई है। वे एक बार वहां का दौरा करने के बाद लौटे। अब वे फिर से वहां गए हैं। इस समय अमित शाह भी बंगाल में हैं। वे वहां पर लगातार रहने वाले हैं। श्री शर्मा भी अब बंगाल में चुनाव प्रचार थमने तक रहेंगे।

#### कांग्रेस का एक भी नेता नहीं


बंगाल चुनाव में प्रदेश के कांग्रेस के किसी भी नेता को कोई जिम्मा नहीं दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला का कहना है कि प्रदेश के कई नेताओं को असम चुनाव के लिए जिम्मा दिया गया था। राष्ट्रीय संगठन अलग-अलग राज्यों में नेताओं को जिम्मा देता है।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### रायपुर में सबसे ज्यादा रोजगार, बड़े शहरों का दबदबा

मार्च 2026 के अनुमानित आंकड़ों के अनुसार रायपुर में लगभग 11.52 लाख लोग कामकाज में लगे हैं, जो राज्य में सबसे अधिक है। इसके बाद बिलासपुर (करीब 9.58 लाख) और दुर्ग (लगभग 8.30 लाख) का स्थान है। इन जिलों में सरकारी-निजी सेवाएं, व्यापार, उद्योग और निर्माण क्षेत्र में व्यापक अवसर उपलब्ध हैं, जिससे यहां वर्किंग पॉपुलेशन लगातार बढ़ रही है।



### सभी जिलों में बढ़ोतरी लेकिन अंतर कायम

2011 के मुकाबले 2026 तक सभी जिलों में कामकाजी आबादी बढ़ी है। रायपुर में करीब 8.59 लाख से बढ़कर 11.52 लाख तक पहुंचना इसका उदाहरण है। हालांकि, बस्तर क्षेत्र के जिलों में वृद्धि की गति अपेक्षाकृत धीमी है, जिससे क्षेत्रीय असंतुलन बना हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य का गठन होने के 25 साल बाद हालात बदले हैं,रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव जैसे शहरी इलाकों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं, लेकिन ये राज्य के सभी 33 जिलों की वास्तविकता नहीं है।

# छग की वर्किंग पापुलेशन में इजाफा, टॉप पर रायपुर, फिर बिलासपुर...वनांचल में रफ्तार धीमी, नारायणपुर सबसे पीछे

हरिभूमि खास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 2011 की जनसंख्या के आधार पर हमने पिछली रिपोर्ट में बताया था कि राज्य में ऐसे लोगों की संख्या कितनी है जो धनराशि या पैसा अर्जित करने वाला कोई काम नहीं करते, इनमें 14 साल से लेकर 60 साल तक के लोग शामिल थे, लेकिन अब हम तस्वीर का दूसरा पहलू सामने ला रहे हैं, जिससे पता लगता है कि राज्य में मेहनत मजदूरी करने वालों और अपनी पूरी क्षमता से काम करने वाले राज्य को कर्मठ छत्तीसगढ़ बना रहे हैं। राज्य में कामकाजी लोगों यानी वर्किंग पापुलेशन बढ़ती जा रही है। ताजा अनुमानों से ▶▶| शेष पेज 7 पर

### औद्योगिक जिलों में मजबूत स्थिति

कोरबा (6.28 लाख), रायगढ़ (5.75 लाख) और जांजगीर-चांपा जैसे जिले भी रोजगार के प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। कोरबा में ऊर्जा उत्पादन और रायगढ़ में उद्योगों के चलते रोजगार के अवसर अधिक हैं। हालांकि जांजगीर चांपा राज्य का ऐसा जिला है जहां सिंचाई के साधन सबसे अधिक है। यहां धान का उत्पादन भी राज्य में सबसे अधिक होता है। रायगढ़ जिले में हस्तशिल्प, कोसा उत्पादन, धागा निर्माण वगैरह का काम भी काफी होता है जो यहां के लोगों को कामकाजी बनाने में मददगार होता है।


छग में बढ़ रही गैर कार्यशील आबादी, पैसा नहीं कमाने वाले 1 करोड़ 60 लाख, अर्थव्यवस्था पर इसका असर

### सामाजिक-आर्थिक असर

आर्थिक गतिविधियां तेजः जहां वर्किंग पॉपुलेशन ज्यादा है, वहां बाजार और उद्योग तेजी से बढ़ते हैं। पलायन का दबावः कम रोजगार वाले जिलों से लोग बड़े शहरों की ओर पलायन करते हैं। ज्यादा रोजगार वाले जिलों में आय और जीवन स्तर बेहतर है। बस्तर जैसे क्षेत्रों में रोजगार सृजन बढ़ाना राज्य के लिए बड़ी चुनौती है।

### नारायणपुर, बीजापुर और सुकमा सबसे पीछे

नारायणपुर में सबसे कम करीब 76 हजार लोग ही कामकाज में लगे हैं। इसके अलावा बीजापुर (करीब 1.51 लाख) और सुकमा (लगभग 1.47 लाख) में भी वर्किंग पॉपुलेशन कम है। इन जिलों में बुनियादी ढांचे की कमी, सीमित ▶▶| शेष पेज 7 पर

*बस्तर में सक्रिय थे ये, दो करोड़ से अधिक का इनाम था घोषित*

# बटालियन चीफ मल्ला समेत 42 नक्सलियों ने डाले हथियार

बस्तर में सक्रिय अंतिम 42 नक्सलियों ने शुक्रवार को तेलंगाना में समर्पण कर दिया। समर्पण करने वाले नक्सलियों पर एक करोड़ रुपए से अधिक का इनाम था। समर्पण करने वाले बटालियन चीफ सोढ़ी मल्ला समेत 42 नक्सलियों ने तेलंगाना पुलिस को 8 सौ ग्राम सोने के बिस्किट, 5 एके 47 समेत 36 हथियार 44 मैगजीन व 1 हजार से अधिक जिंदा कारतूस भी सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने इस अंतिम सशस्त्र कैडरों के समर्पण पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह समर्पण नक्सलमुक्त बस्तर व नक्सलमुक्त भारत के लिए अत्यंत प्रभावशाली है।

आईजी ने कहा कि सशस्त्र कैडरों जिनमें पीएलजीए बटालियन कमांडर, डीकेएसजेडसी सदस्य तथा अन्य महत्वपूर्ण कैडर शामिल हैं, जिन्होंने हिंसा का मार्ग त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय देश में वामपंथी उग्रवाद के समाप्ति की दिशा में एक और महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। तेलंगाना में 42 सशस्त्र कैडरों द्वारा आत्मसमर्पण करना केवल संख्या की दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि नक्सल मुक्त बस्तर और नक्सल मुक्त भारत के संकल्प की दृष्टि से भी अत्यंत प्रभावशाली है। इन कैडरों ने कई वर्षों तक भूमिगत रहते हुए माओवादी संगठन की सशस्त्र और हिंसक गतिविधियों में भाग लिया था। उनके द्वारा हथियारों सहित आत्मसमर्पण करना इस तथ्य को रेखांकित करता है कि हिंसा और सशस्त्र संघर्ष का मार्ग अब समाप्ति की ओर पहुंच चुका है। ▶▶| शेष पेज 7 पर






### समर्पण करने वाले नक्सलियों में यह शामिल

समर्पण करने वाले नक्सलियों में 25 लाख का इनामी सोढ़ी मल्ला उर्फ केशाल उर्फ निखिल के अलावा डीवीसीएम माड़वी मड्डा उर्फ रविन्दर, पुनेम सुक्कू, हेमला लच्छी उर्फ मासे उर्फ शीला के अलावा एसीएम सोडी भीमा उर्फ रजींत, ताती राजू, कवासी राजू उर्फ रमेश, मुड़यिम भीमा उर्फ रिंकू, मड़कम भीमे उर्फ सुनीता, पोडियम गंगी उर्फ सुदंरी, सोढ़ी भीमे उर्फ मालती, कुड़ेम देवी, मड़कम जोगी, पुनेम इते उर्फ पार्वती, पोडियम सुबरी उर्फ अंजली, मड़कम इदुम उर्फ नागेश, कुंजाम भीमा, माड़वी जोगा, कुंजाम सोनू उर्फ सवीन, पुनेम सोमू उर्फ राकेश के अलावा तेलगांन स्टेट कमेटी के चपा नारायणा उर्फ गजेंदर, कड़ती सन्नू उर्फ मथुं, मोड़यिम मुन्नी, कुंजाम इंदुमल उर्फ महेन्दर, नुप्पो उंगा उर्फ सुनील, पोड़यिम लक्ष्मी, मुसाकी देवे, ▶▶| शेष पेज 7 पर

### अंतिम अवसर देते हुए समर्पण की अपील

आईजीपी ने बस्तर क्षेत्र में शेष बचे कुछ गिने-चुने माओवादी कैडरों को अंतिम अवसर देते हुए अपील की कि वे बदलती परिस्थितियों को समझते हुए हिंसा का मार्ग त्यागकर मुख्यधारा में लौटें। पुनर्वास, सुरक्षा और सम्मानजनक पुनर्स्थापन का मार्ग खुला है, जबकि सुरक्षा बल क्षेत्र में शांति और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। आईजी ने स्पष्ट सदेंश देते हुए कहा कि उग्रवाद का दौर समाप्ति की ओर है और भविष्य शांति, विकास तथा स्थानीय समुदायों की आकांक्षाओं का है।

# नशेड़ी ने उजाड़ा सिपाही का परिवार छह मौतों से उड़कुड़ा में मातम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शादी समारोह से लौट रहा एक सिपाही का परिवार गुरुवार रात भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गया। इसमें उनके परिवार के 4 लोगों सहित छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक तेज रफ्तार की वजह से ज्यादा नुकसान हुआ है। जिस दूसरी कार से भिड़ंत हुई, उसमें सवार दोनों युवक शराब के नशे में थे।

आरक्षक मुकुंद मंडावी के परिवार के 6 सदस्य और चालक 9 अप्रैल को उड़कुड़ा से चिंवराज परिवारिक शादी में शामिल होने गए थे और शादी से वापिस अपने गांव उड़कुड़ा के लिए जा रहे थे, तभी बीती रात को लगभग साढ़े 11 बजे सामने की ओर से आ रही स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 19 बीई 4451 से टकरा गए। इस कार में सवार दो युवक लखनुपरी से अपने गांव नाथियानवागांव जा रहे थे। दोनो कार में आपस में भिड़त इतनी तेज थी कि वाहन के सामने का हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया था।

स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 19बीडब्ल्यू में सात लोग सवार थे, जिसमें पीछे बैठक एक व्यक्ति मुकेश उसेंडी पिता महरू उसेंडी निवासी उड़कुड़ा की जान बच सकी और 6 की मौके पर मौत हो गई।

### मृतकों में 4 एक ही परिवार के

मृतकों में सभी उड़कुड़ा के रहने वाले थे। इनमें 6 में से 4 एक ही परिवार के थे। दुधावा पुलिस चौकी में पदस्थ जवान मुकुंद मंडावी की पत्नी कुंती मंडावी 50 वर्ष निवासी उड़कुड़ा, दामाद सगुनदास नेताम पिता गाड़ाराम नेताम उम्र 53 वर्ष निवासी लखनपुरी, बहन मुक्तुला नेताम पति सुगुनदास नेताम 48 वर्ष, 8 वर्षीय भांजा वंश नेताम पिता सगुनदास, जहुरा जुरी पति स्व. लोकेश्वर जुरी उम्र 50 वर्ष निवासी उड़कुड़ा और वाहन चालक दिना यादव उम्र 40 वर्ष निवासी उड़कुड़ा की मौके पर मौत हो गई। इस वाहन में सवार पीछे बैठे मुकेश उसेंडी निवासी उड़कुडा गंभीर रूप से घायल थे, जिनको बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया।

*वृंदावन में बड़ा हादसा कई अब भी लापता*

# यमुना में नाव पलटी 10 पर्यटकों की मौत

एजेंसी ▶▶| मथुरा

मथुरा के वृंदावन में शुक्रवार को यमुना नदी में बड़ा हादसा सामने आया है। नदी में बने पीपा पुल के पास श्रद्धालुओं से भरी एक नाव पलट गई। इस हादसे में 10 श्रद्धालुओं की डूबकर मौत हो गई, जबकि 22 लोगों को बचा लिया गया। अब भी कई लापता बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और राहत-बचाव टीमें मौके पर पहुंच गईं।

मथुरा के डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि नाव में 30 से अधिक लोग सवार थे, जो पंजाब के लुधियाना से वृंदावन घूमने आए थे। सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है और गोताखोर लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं।



### 50 गोताखोर तलाश रहे

हादसा दोपहर पौने 3 बजे केशी घाट पर हुआ, जो श्रीबांके बिहार मंदिर से करीब ढाई किमी की दूरी पर है। नाव पीपा पुल से टकराने के बाद नदी में पलट गई। स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स और नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स की टीमें करीब 50 स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में लापता लोगों की तलाश कर रही हैं। गुलाब नाम के एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि तेज हवा के कारण नाव पर नियंत्रण नहीं रहा और वह पीपा पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई।

### एक ही परिवार के 7 सदस्यों ने गंवाई जान

हादसे में मां-बेटे, चाचा-चाची और बुआ-फूफा समेत एक ही परिवार के 7 सदस्यों की मौत हो गई है। युवती समेत 5 लोग अभी भी लापता हैं। नाव में सवार सभी श्रद्धालु पंजाब से घूमने आए थे।

*घर में मिली थीं जले हुए नोटों से भरी बोरियां*

# विवादों से घिरे जस्टिस वर्मा ने आखिरकार दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। इससे पहले उनका दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट तबादला (ट्रांसफर) कर दिया गया था। ये तबादला उनके आवास पर कथित तौर पर जले हुए नोट मिलने के विवाद के बाद हुआ था। जस्टिस वर्मा ने 5 अप्रैल, 2025 को ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के तौर पर शपथ ली थी। उन्होंने अपने इस्तीफे की वजह का खुलासा नहीं किया।

# निवेशकों की मौज! झटके में 6.40 लाख करोड़ की कमाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को बैंकों में तगड़ी खरीदारी आने से बढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 918.60 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 275.50 अंक की बढ़त दर्ज की गई। विश्लेषकों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट नरम पड़ने ▶▶| शेष पेज 7 पर



### बाजार को स्पष्टता का इंतजार

दरअसल, कमोडिटी मार्केट के निवेशकों की नजर इन दिनों अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता पर टिकी हुई हैं और बाजार को स्पष्टता का इंतजार है कि क्या दोनों देशों के बीच सहमति बनने जा रही है या नहीं? जब तक सहमति नहीं बन रही है, तबतक निवेशक मुनाफा वसूली कर रहे हैं। किसी भी तेजी के बाद सोने और चांदी के भाव में बिकवाली देखी जा रही है।

# हरिवंश फिर रास में, जदयू ने नहीं भेजा तो सरकार ने किया नामित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



राज्यसभा के उपसभापति रहे हरिवंश को फिर से राज्यसभा की सदस्यता मिल गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से जारी आदेश के चलते उन्हें मनोनीत किया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि एक मनोनीत सांसद पूर्व चीफ जस्टिस रंजन गोगोई के रिटायरमेंट से जो रिक्ति हुई है, उस स्थान पर हरिवंश को मौका दिया गया है। बता दें, इस बार उन्हें जेडीयू ने राज्यसभा नहीं भेजा था।

हरिवंश को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का करीबी माना जाता था, लेकिन बीते कुछ समय से उनके रिश्तों में वह गर्मजोशी नहीं दिखी है। लेकिन हरवंश की उनके पिछले कार्यकाल के लिए पीएम मोदी ने सदन में सराहना करते हुए कहा था, हरिवंश जी की राजनीतिक पारी अभी समाप्त नहीं हुई है और वह आगे भी जनहित में काम करते रहेंगे।

### 9 अप्रैल को खत्म हुआ कार्यकाल

69 साल के हरिवंश पहले ही दो बार राज्यसभा में बिहार का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह उच्च सदन के उपसभापति भी रहे हैं। इस दौरान व्यवस्था के साथ सदन का संचालन करने की उनकी काबिलियत की पीएम नरेंद्र मोदी ने भी तारीफ की है।

### नीतीश बने राज्यसभा सांसद, कार्यकर्ता बोले- आपका फैसला गलत



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा सांसद की शपथ लेकर चारों सदन का सदस्य बनने का रिकॉर्ड बनाया है। वो पहली बार राज्यसभा पहुंचे हैं, जबकि इसके पहले लोकसभा, बिहार विधान परिषद और विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान बिहार एनडीए नेताओं के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, जेपी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे।





## पश्चिम बंगाल | भाजपा ने जारी किया घोषणा पत्र, नाम दिया भरोसा पत्र

# महिलाओं व बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपए महीना, यूसीसी समेत किए कई वादे

*बंगाल विधानसभा चुनाव के ठीक 13 दिन पहले शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी वादों का पिटारा खोल दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी किया। इस घोषणापत्र को पार्टी ने भरोसा पत्र नाम दिया गया है। इसमें महिलाओं से लेकर युवाओं तक, प्रमुख वोटर वर्ग के लिए नकदी के वादे किए गए हैं। इसमें सरकार बनने के 6 महीने के भीतर बंगाल में समान नागरिक संहिता लागू करने, राज्य की महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपये देने और बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3,000 की आर्थिक मदद देने समेत कई ऐलान किए गए हैं।*

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



संकल्प पत्र जारी करते समय शाह ने राज्य में सत्ता परिवर्तन का आह्वान करते हुए 'सोनार बांग्ला' बनाने का वादा किया। शाह ने कहा कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो छह महीने के अंदर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। उन्होंने मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य की जनता तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और भय की राजनीति से परेशान है।

### भाजपा ने किए ये वादे

- आयुष्मान भारत समेत सभी केंद्रीय योजनाएं पश्चिम बंगाल में लागू होंगी
- 3,100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी की जाएगी
- टीएमसी के भ्रष्टाचार को लेकर श्वेत पत्र जारी किया जाएगा, जो 2 हिस्सों में होगा
- कोलकाता मेट्रो का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण किया जाएगा। एक ही साल में 61 रेलवे प्रोजेक्ट को जमीन मिलेगी
- राज्य में 4 नई इंडस्ट्रियल टाउनशिप बनाई जाएंगी
- हल्दिया बंदरगाह का विकास किया जाएगा
- एमएसएमई के लिए बंगाल सरकार निगम बनाया जाएगा

### संकल्प पत्र निराशा से बाहर निकलने का रास्ता

*शाह ने कहा, संकल्प पत्र बंगाल के हर तबके में व्याप्त निराशा से बाहर निकलने का मार्ग है। इसके अंदर कृषि बर्बाद होने से कई आशंकाओं से घिरे किसान को मार्ग दिखाएगा। युवा, महिलाओं को मार्ग दिखाएगा। बंगाल संस्कृति के गौरव की अनुभूति को यह संकल्प पत्र जनता के सामने रखेगा। बंगाल की जनता के लिए पिछले 15 साल कालरात्रि के बुरे सपने के समान रहे हैं। यह पत्र बंगाल की खोई हुई अस्मिता को हासिल करने का अभियान है।*

### महिलाओं के लिए भाजपा के खास ऐलान

- महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा
- 75 लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है
- गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये और 6 पोषण किट दी जाएंगी
- राज्य संचालित बसों में सभी महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी।
- महिला सुरक्षा के लिए अलग से दल बनाया जाएगा
- हर मंडल में महिला थाना और महिला डेस्क बनाई जाएगी

*टीएमसी और भाजपा के बीच जुबानी जंग*

## सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है, भाजपा पर नहीं : सीएम ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी और भाजपा के बीच जुबानी जंग काफी तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कहा, 'एक बार सांप पर तो भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर कभी नहीं। उत्तर 24 परगना जिले के टेंटुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को असम के स्थानीय लोगों के वोटों पर भरोसा नहीं था। इसलिए पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए बाहर से लोग बुलाए। ममता ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को ट्रेन में भरकर असम लाया गया। ममता ने कहा भाजपा के राज में देश की कोई भी एजेंसी निष्पक्ष नहीं रह गई है। केसरिया पार्टी ने सभी एजेंसियों को खरीद लिया है। रैली के दौरान मुख्यमंत्री ने वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 90 लाख नाम हटा दिए गए हैं। एक अखबार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि इन 90 लाख नामों में से 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुस्लिम हैं।

### ओवैसी ने हुमायूं की पार्टी से तोड़ा नाता, अब अकेले लड़ेगी



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने हुमायूं कबीर की पार्टी आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के साथ अपना गठबंधन खत्म कर दिया है। अब एआईएमआईएम बंगाल में किसी भी दल के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ेगी। हुमायूं कबीर का एक विवादित वीडियो सामने आने के बाद यह फैसला लिया गया।

### हुमायूं बोले- ममता की साजिश, हाईकोर्ट में दूंगा जवाब



दूसरी तरफ, आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के अध्यक्ष हुमायूं कबीर ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के आरोपों को पूरी तरह गलत बताया है। कबीर ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए टीएमसी से इन आरोपों के सबूत मांगते हुए हाईकोर्ट जाने की चेतावनी भी दी। उन्होंने मंत्री फिरहाद हकीम को चुनौती दी कि वे उस व्यक्ति को सामने लाएं, जो वीडियो में उनके साथ बैठा दिख रहा है।

## तमिलनाडु | राजनीतिक गतिविधियां हुई तेज

# एआईएडीएमके-भाजपा, विजय से लेकर स्टालिन के बीच बयानबाजी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। राज्य में हर दल जनता को साधने के लिए लगातार प्रचार और बयानबाजी में जुटा हुआ है। राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने चेन्नई मेट्रो में सफर के दौरान आम लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उनका यह जनसंपर्क अभियान सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

**पलानीस्वामी को हार का सामना करना पड़ेगा :** वहीं, डीएमके उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम ने एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चाहे जितने भी चुनाव आ जाएं, पलानीस्वामी को हर बार हार का सामना करना पड़ेगा। दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन भी चेन्नई में पार्टी के लिए जोरदार प्रचार करते नजर आए। डीएमके अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने में पूरी ताकत झोंक रही है।



### डीएमके के कार्यकाल में जनता रही त्रस्त : पलानी स्वामी

चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पलानीस्वामी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में डीएमके शासन के दौरान लोगों ने काफी मुश्किलें झेली हैं और अब समय आ गया है कि इस बुरे शासन को हटाया जाए। उन्होंने अपनी पार्टी के शासनकाल का जिक्र करते हुए दावा किया कि एआईएडीएमके सरकार के दौरान कानून-व्यवस्था मजबूत रही और आम लोग सुरक्षित महसूस करते थे।

### जनता वंशवाद को स्वीकार नहीं करेगी — पीयूष गोयल

इधर बीजेपी की ओर से भी बयानबाजी तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की चुनौती पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी प्रवक्ता सीआर केसवन ने डीएमके पर परिवारवाद का आरोप लगाया। केशवन ने कहा कि 2026 चुनाव में डीएमके का मुख्य एजेंडा सत्ता हस्तांतरण को लेकर है, जिसमें उदयनिधि स्टालिन को मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश की जा रही है।

### केरल में यूडीएफ को मिलेगी जीत — रमेश चेन्निथला

केरल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने दावा किया कि यूडीएफ ने एकजुट और सकारात्मक तरीके से चुनाव लड़ा है और परिणाम आने पर उसे स्पष्ट बहुमत मिलेगा। पार्टी ने बिना किसी व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप के मुद्दों पर आधारित प्रचार किया, जिसे जनता ने सराहा। चेंनिथला ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि अन्य राज्यों में चुनाव होने के बावजूद केरल में व्यापक प्रचार किया।

## वही अंदाज, वही वेशभूषा; जयललिता की राह पर चुनावी मैदान में उतरीं शशिकला

एजेंसी ▶▶ मदुरै

अपनी नई पार्टी 'ऑल इंडिया पुरची थलाइवर मक्कल मुन्नेत्र कजगम' के साथ चुनाव मैदान में उतरीं वीके शशिकला, पूर्व सीएम जयललिता के पुराने अंदाज को दोहराते हुए प्रचार वैन से मतदाताओं को संबोधित कर रही हैं। दक्षिण तमिलनाडु के गढ़ों में प्रचार करते हुए शशिकला न केवल जयललिता की वेशभूषा और प्रचार शैली को अपना रही हैं, बल्कि खुद को 'त्यागा थलाइवी' के रूप में पेश कर इमोशनल कार्ड भी खेल रही हैं। मदुरै के थिरुपरनकुंड्रम में शशिकला ने अपने चुनावी प्रचार के दौरान कहा, मैं चाहती हूं कि लोग खुद तय करें कि वे गद्दारों और दुष्ट शक्तियों का शासन चाहते हैं या निस्वार्थ नेताओं का। थेनी के अंदिपट्टी में भावुक होते हुए शशिकला ने कहा, यहां पहुंचते ही मेरा मन उन दिनों में चला गया जब मैं जया अम्मा के साथ यहां आई थी। शशिकला ने 75 निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवार उतारे हैं।



## खबर संक्षेप

### राजौरी में एक बक्से के अंदर मिले दो ग्रेनेड



**राजौरी।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को एक संदिग्ध आईईडी-जैसा बक्सा बरामद किया, जिसमें दो ग्रेनेड थे। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई। स्थानीय लोगों ने सुंदरबनी क्षेत्र के ठंडीपानी इलाके में संदिग्ध सामग्री देखी, जिसके बाद सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और इलाके को सुरक्षित कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध विस्फोटक सामग्री एक जल निकाय के पास पड़ी हुई पाई गई। यह एक बक्से के अंदर सीलबंद दो ग्रेनेड थे।

### फिल्म निर्देशक रंजीत जमानत के बाद रिहा



**कोच्चि।** कोच्चि की एक अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार फिल्म निर्देशक रंजीत को शुक्रवार को जमानत दे दी, जिसके बाद उन्हें कारागार से रिहा कर दिया गया। प्रथम श्रेणी की न्यायिक मजिस्ट्रेट एल उषा ने कड़ी शर्तों के साथ रंजीत की जमानत अर्जी मंजूर की। अदालत ने रंजीत को अपना पासपोर्ट सौंपने, एर्णाकुलम जिले से बाहर और फोर्ट कोच्चि में उस जगह पर नहीं जाने का निर्देश दिया जहां फिल्म की शूटिंग हुई थी।


### बोरवेल में गिरे भागीरथ को नहीं बचाया जा सका

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में बडनगर तहसील स्थित एक गांव में बृहस्पतिवार शाम बोरवेल में गिरे ढाई वर्षीय भागीरथ को तकरीबन 23 घंटे की मशक्कत के बाद निकाल लिया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। अस्पताल में चिकित्सकों ने भागीरथ को मृत घोषित कर दिया।भागीरथ को बचाने के लिए पूरी रात बचाव अभियान चलाया गया था। इस दौरान चट्टान के कारण खुदाई में काफी परेशानियां आईं।

### आक्रोशित सेना ने दिखाई इंसानियत की मिसाल

## सेना प्रमुख ने बताया- 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान नमाज के समय नहीं करते थे हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय सेना के प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने हाल में एक पॉडकास्ट में बताया कि जब सेना पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' चला रही थी, तब कभी भी नमाज के समय हमला नहीं किया गया। पॉडकास्ट में उन्होंने बताया कि भारत 'सबका मालिक एक है' पर विश्वास करता है, इसलिए हमले के लिए ऐसा कोई समय नहीं चुना गया, जब दूसरी तरफ लोग प्रार्थना कर रहे हों। उन्होंने कहा कि सेना मानवीय-नैतिक मूल्यों को भी ध्यान में रखती है। आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सेना ने जान-बूझकर नमाज के समय पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी कैंपों पर हमला करने से परहेज किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युद्ध जैसे हालात में भी भारतीय सेना ने संयम और सम्मान का परिचय दिया।

*हम कभी भी कर सकते थे हमला*

जनरल द्विवेदी से पूछा गया कि क्या उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को याद किया था। इस पर उन्होंने कहा, हम लक्ष्यों को नष्ट करने के लिए 2-4 बजे कोई भी समय चुन सकते थे, लेकिन हमने तय किया कि जब आतंकवादी शिविरों में लोग नमाज अदा कर रहे हो तो कोई कार्रवाई न की जाए, क्योंकि सबका मालिक एक है। इसीलिए हमने ऐसा समय चुना, जब हमें पता था कि वे नमाज नहीं पढ़ रहे होंगे।

### बेटियों से भी जनरल लेते हैं सीख

जनरल द्विवेदी ने पॉडकास्ट में अपने निजी जीवन पर भी चर्चा की। उनसे पूछा गया कि उनकी बेटियां जीवन में उनकी पत्नी से अलग क्यों हैं। इस पर जनरल द्विवेदी ने कहा, मेरी बेटियों ने मुझे सिखाया कि आपको किसी से बातचीत करने के लिए अपने स्तर से नीचे आना पड़ता है। आप हमेशा 6 फीट ऊंचे नहीं रह सकते। जनरल द्विवेदी ने बताया कि उनकी बेटियां उन्हें सेना में सामाजिक और कार्यस्थल से जुड़े बदलावों के लिए प्रेरित करती हैं।

### आर्मी चीफ बोले- युद्ध अब पहले जैसे नहीं रहे

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 'रण संवाद' में युद्ध के बदलते स्वरूप और मल्टी-डोमेन युद्ध पर अहम जानकारी दी। पहले के युद्ध में जहां सिर्फ जमीन पर सैनिक आमने-सामने लड़ते थे, लेकिन आज का युद्ध कई क्षेत्रों में एक साथ लड़ा जाता है। जैसे जमीन, हवा, समुद्र, साइबर, अंतरिक्ष और दिमागी यानी सूचना और सोच पर असर डालने वाला क्षेत्र। इन सभी को मिलाकर मल्टी-डोमेन कहा जाता है।

### जाति जनगणना रोकने की मांग वाली याचिका की खारिज

## सीजेआई बोले- ऐसी अभद्र और बद्तमीज भाषा कहां से सीखते है आप लोग ?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सीजेआई सूर्यकांत ने एक याचिककर्ता को कड़े शब्दों में फटकार लगा दी। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार को जाति जनगणना रोकने, संसाधनों के पुनर्वितरण को जनसंख्या उत्तरदायित्व से जोड़ने और एक बच्चे वाले परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करने वाली नीतियां बनाने का निर्देश देने वाली याचिका लगाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा, ''आप इस याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा कहां से सीखते हैं? ये बदतमीजी की भाषा कहां से लेकर आते हैं आप लोग? आप लोग याचिका कैसे लिखते हैं?''



### 'याचिका में अभद्र भाषा लिखी है' : सीजेआई सूर्यकांत

अदालत ने जनहित याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा के लिए याचिकाकर्ता की आलोचना की। सीजेआई सूर्यकांत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए याचिकाकर्ता से कहा, आपने अपनी याचिका में बदतमीजी की भाषा लिखी है। आपने अपनी याचिका में अभद्र भाषा लिखी है। आपकी याचिका किसने लिखी है?''

**जाति जनगणना के खिलाफ पहले भी खारिज हो चुकी है याचिका**

इससे पहले दो फरवरी को शीर्ष अदालत ने 2027 की आम जनगणना में नागरिकों के जातिगत आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली एक अलग जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। 2027 की जनगणना, जो आधिकारिक तौर पर 16वीं राष्ट्रीय जनगणना है, 1931 के बाद पहली बार व्यापक जाति गणना को शामिल करने वाली और देश की पहली पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी।

### 25 जनहित याचिकाएं लगाने वाले वकील को दी यह सलाह

सुप्रीम कोर्ट में एक वकील ने अलग-अलग मुद्दों पर 25 जनहित याचिकाएं दायर कीं। हालांकि, सुनवाई शुरू होते ही उन्होंने सभी पीआईएल वापस लेने की अनुमति देने की अपील की। इन याचिकाओं में साबुन में इस्तेमाल होने वाले रसायनों के संबंध में और भिखारियों, ट्रांसजेंडर आदि जैसे वंचित समूहों के उत्थान के लिए नीति बनाने की दिशा में निर्देश देने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने वकील को सलाह दी कि उन्हें अदालत में आने के बजाय संबंधित अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए।

**पहले भी खा चुके हैं सुप्रीम कोर्ट से फटकार**

गौरतलब है कि नौ मार्च को शीर्ष अदालत ने इन्हीं वकील सचिन गुप्ता द्वारा दायर पांच बेकार जनहित याचिकाओं को खारिज कर दिया था, जिसमें यह वैज्ञानिक अध्ययन कराने की मांग भी शामिल थी कि क्या प्याज और लहसुन में तामसिक (नकारात्मक) ऊर्जा होती है। उस समय मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा था, आधी रात को यह सब याचिका ड्राफ्ट करते हो क्या?

*मतदाता सूची फ्रीज करने के मामले में सुनवाई 13 को*

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ के समक्ष एक वकील ने मतदाता सूची को फ्रीज करने के फैसले के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई का आग्रह किया। वकील ने बताया कि मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ कई अपीलें अभी भी लंबित हैं, जबकि चुनाव आयोग ने नौ अप्रैल को ही सूची को फ्रीज कर दिया है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम 13 अप्रैल को याचिका पर विचार करेंगे।

### केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसरो को दी बधाई

## गगनयान की सेफ लैंडिंग का रास्ता साफ इसरो ने पार की एक और बड़ी बाधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गगनयान मिशन का सबसे कठिन हिस्सा रॉकेट लॉन्च करना नहीं, बल्कि एस्ट्रोनॉट्स को सही-सलामत वापस लाना है। शुक्रवार को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस स्टेशन में हुआ यह टेस्ट इसी 'घर वापसी' की रिहर्सल था। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस सफलता पर इसरो को बधाई देते हुए इसे मिशन की तैयारी में एक बड़ा मील का पत्थर बताया है। इस मिशन की सबसे बड़ी बात यह है कि इसकी तकनीक को भारत ने खुद विकसित किया है। पैराशूट से लेकर लाइफ सपोर्ट सिस्टम तक, सब कुछ स्वदेशी है। दुनिया का कोई भी देश ऐसी 'क्रिटिकल' टेक्नोलॉजी आसानी से शेयर नहीं करता, इसलिए इसरो की यह कामयाबी भारत के लिए बहुत बड़े गर्व की बात है।

### क्या है एकीकृत वायु निक्षेप परीक्षण -02?

आसान भाषा में समझें तो यह टेस्ट यह जांच करने के लिए किया जाता है कि जब गगनयात्री अंतरिक्ष से लौटेंगे, तो क्या उनके कैप्सूल के पैराशूट सही समय पर खुलकर उसकी रफ्तार को कम कर पाएंगे? इस टेस्ट में एक आर्टिफिशियल क्रू मॉड्यूल (जिसका वजन करीब 5 टन होता है) को एक हेलिकॉप्टर के जरिए आसमान में ले जाया जाता है और एक निश्चित ऊंचाई से नीचे गिराया जाता है। जैसे ही मॉड्यूल नीचे गिरता है, उसके अंदर लगे 10 अलग-अलग पैराशूट एक निश्चित क्रम में खुलते हैं। ये पैराशूट मॉड्यूल की रफ्तार को इतना कम कर देते हैं कि वह समंदर में गिरते समय सुरक्षित रहे। यह टेस्ट सुनिश्चित करता है कि पैराशूट सिस्टम में कोई तकनीकी गड़बड़ी न हो, जिससे आने वाले समय में गगनयात्रियों की जान को कोई खतरा न रहे।




### क्यों जरूरी है यह टेस्ट?

अंतरिक्ष से वापस लौटते समय कैप्सूल की रफ्तार हजारों किलोमीटर प्रति घंटा होती है। अगर इसे धीमा न किया जाए, तो यह जमीन या पानी से टकराते ही तबाह हो सकता है। गगनयान में कुल 10 पैराशूट का इस्तेमाल होगा। ये एक खास क्रम में खुलते हैं, जिससे कैप्सूल को झटके न लगें और वह धीरे-धीरे नीचे आए। इस टेस्ट ने साबित कर दिया कि हमारा 'पैराशूट सिस्टम' पूरी तरह तैयार है।

### लद्दाख में भी चल रही है ट्रेनिंग

सिर्फ मशीनों का ही नहीं, बल्कि एस्ट्रोनॉट्स का भी कड़ा टेस्ट हो रहा है। हाल ही में लद्दाख के लेह में 'मिशन मित्रा' के तहत चारों एस्ट्रोनॉट्स (शुभांशु शुक्ला, प्रशांत नायर, अजीत कृष्णन और अंगद प्रताप) की ट्रेनिंग हुई है। वहां की कम ऑक्सीजन और कड़ाके की ठंड में यह जांचा गया कि वे अंतरिक्ष जैसे मुश्किल हालात में कैसे काम करेंगे।

**दुनिया में भारत का कद**

इस सफल टेस्ट के साथ भारत उन चुनिंदा देशों की कतार में और मजबूती से खड़ा हो गया है, जिनके पास अपनी मानव अंतरिक्ष उड़ान तकनीक है। यह न केवल इसरो के वैज्ञानिकों की जीत है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' का एक बड़ा उदाहरण भी है।

## मुंबई हवाई अड्डे में 24 महिला तस्करों से 30 किलो सोना जब्त

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई के छत्रपति शिवाजी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हाल ही में डीआरआई ने सोने की तस्करी करते हुए गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह में 24 महिलाएं थीं जो करीब 38 करोड़ रुपये के सोने की तस्करी करती हुई पकड़ी गई हैं। ये सभी महिला स्मगलर्स केन्या की बताई जा रही हैं। निदेशालय को इसकी सूचना मिली थी, जिसके बाद तुरंत कार्रवाई कर इन महिला तस्करो को हिरासत में लिया गया है। इन्होंने तस्करी वाला सोना जूतों, कपड़ों के अंदर और शरीर पर विशेष रूप से बनाए गए पाउच में छिपाया था। इससे पता चलता है कि इनको पूरी तरह से ट्रेन्ड किया गया था।

**महिलाओं को दिया प्रशिक्षण :** डीआरआई के एक अधिकारी ने जानकारी में बताया कि, 'महिलाओं को सोना छुपाने और जांच से बचने के लिए प्रशिक्षण दिया गया था, जिससे पता चलता है कि एक सुनियोजित गिरोह हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देने के लिए ऐसे लोगों का इस्तेमाल कर रहा था। इन महिलाओं को अदालत में पेश किया जाएगा, जबकि गिरोह के सरगनाओं को पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है।

### क्या- किया गया जब्त

सूचना के आधार पर डीआरआई ने कार्रवाई कर इन महिला तस्करों को पकड़ा है। इस कार्रवाई में गिरोह से 37.74 करोड़ रुपये कीमत का 29.37 किलो सोना जब्त किया है। जिसमें 25.10 किलोग्राम सोने की छड़ें और 4.27 किलोग्राम सोने के गहने बरामद किए हैं। इस ऑपरेशन में 24 महिला तस्करों को भी हिरासत में लिया गया है।

# जिंदादिली के लिए हैं मशहूर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



सुनंदा शर्मा आजकल सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं जिसकी वजह कोई नया गाना नहीं, बल्कि उनके वो देसी और मजेदार वीडियो हैं जो इंटरनेट पर आग की तरह फैल रहे हैं। अक्सर हम स्टार्स को बड़ी गाड़ियों और प्राइवेट जेट्स में देखते हैं, लेकिन सुनंदा को कभी बस में यात्रियों को गुदगुदाते तो कभी ऑटो की अगली सीट पर बैठकर मजे लेते देखकर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं। सुनंदा शर्मा के शेयर किए वीडियोज में एक गजब का 'बेबाक' अंदाज है, जो दिखाता है कि एक बड़ी सेलिब्रिटी होने के बावजूद वह दिल से बिल्कुल जमीन से जुड़ी हुई हैं। सुनंदा शर्मा वायरल वीडियो में बस में मास्क लगाकर बैठी दिख रही हैं और फिर अचानक दाल-मखनी और मिस्सी रोटी की बातें छेड़ देती हैं और फिर खुद ही यह कहकर हंस पड़ती हैं कि जहाज के सफर करके हम पागल हो गए हैं। वे अपनी ट्रिप का लुत्फ किसी वीआईपी ट्रीटमेंट की तरह नहीं, बल्कि एक आम इंसान की तरह उठाती हैं। जब वह ऑटो में ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठकर अपने शो के लिए निकलीं, तो उन्होंने फैंस से अपनी लोकेशन बूझने को कहा। लोगों ने तुरंत पहचान लिया कि वह शाहजहांपुर में थीं और कई फैंस को इस बात का मलाल भी रहा कि वे अपनी पसंदीदा सिंगर से मिल नहीं पाए। उनका एक रेस्टोरेंट का वीडियो भी खूब वायरल हुआ, जिसमें वह पहले तो बड़ी गंभीरता से 'सिविक सेंस' और पब्लिक मैनर्स पर लेक्चर देने लगती हैं, लेकिन कुछ ही पलों में अपनी ही हंसी नहीं रोक पातीं। उनका अचानक से हंस पड़ना और अपनी टीम के साथ मस्ती करना, लोगों को बहुत पसंद आ रहा है क्योंकि इसमें कोई बनावटीपन नहीं दिखता। सुनंदा शर्मा अपनी ट्रिप के अलग-अलग वीडियो भी शेयर करती रहती हैं।

## दादी की शादी का पोस्टर रिलीज रिद्धिमा के साथ नजर आएंगी नीतू

**मुंबई।** कपिल शर्मा की नई फिल्म 'दादी की शादी' का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें नीतू कपूर और कपिल शर्मा सहित कई सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म में नीतू अपनी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ किसी फिल्म में पहली बार नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आशीष आर मोहन ने किया है। निर्माताओं ने आज 'दादी की शादी' का पहला पोस्टर लुक शेयर किया है।




इसके साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दादी इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं और सारे नियम तोड़ रही हैं। क्या परिवार उनके साथ है या उनके खिलाफ? दादी की शादी में, जनरेशन डी से जनरेशन जेड तक सभी आमंत्रित हैं।' दादी की शादी में कपिल शर्मा, नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी, दक्षिण के सुपरस्टार सरथ कुमार, निखत हेगड़े, तेजस्विनी कोल्हापुरे और सादिया खतीब सहित कई सहायक कलाकार हैं। 'दादी की शादी' एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म की ज्यादातर शूटिंग शिमला में हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म का सबसे रोमांचक हिस्सा इसका क्लाइमेक्स सीक्वेंस है। फिल्म के निर्देशक मोहन ने बताया कि एंड-क्रेडिट सॉन्ग में शिमला और आसपास के कई स्कूलों के 700 बच्चे, पूरी कास्ट के साथ नजर आएंगे। उन्होंने कहा, 'मैं फाइनल शूट के लिए पूरी कास्ट को आमंत्रित करूंगा, जो गोल्डन टोबैको फैक्ट्री या फिल्म सिटी में हो सकता है।'

## भाईजान की अगली फिल्म में हुई राजपाल की एंट्री


**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव बीते दिनों काफी मुश्किलों में रहे। मगर, अब उनकी किस्मत ने पलटी ले ली है। सलमान खान ने उन्हें अपनी फिल्म में साइन किया है और इसमें एक्टर-कॉमेडियन का किरदार बहुत अहम बताया जा रहा है। सलमान खान इन दिनों अपनी वॉर ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के बाद वे निर्माता दिल राजू और निर्देशक वामशी पेडिपल्ली के साथ एक्शन फिल्म में काम करेंगे। फिल्म का नाम फिलहाल तय नहीं है। इसमें सलमान के साथ नयनतारा नजर आएंगी। वहीं, फिल्म की कास्ट में एक नए नाम के जुड़ने की अटकलें भी हैं। राजपाल यादव को फिल्म में लिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने कथित तौर पर राजपाल यादव को अपनी अगली एक्शन एंटरटेनर फिल्म में एक अहम किरदार निभाने के लिए साइन किया है। सलमान की अगली फिल्म को लेकर रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राजपाल यादव इस फिल्म में सलमान खान के राइट हैंड बने दिखेंगे। कहानी में दोनों के बीच कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। रिपोर्ट में आगे यह भी कहा गया है कि सलमान, राजपाल को खास तौर पर पसंद करते हैं और उनका मानना है कि इस रोल के लिए राजपाल एकदम सही हैं। बता दें कि राजपाल यादव और सलमान को पहले भी 'मुझसे शादी करोगी' और 'पार्टनर' जैसी फिल्मों में साथ देखा गया है।



CBSE AFFILIATION NO: 3330262
100% Results In Last Year
MM SCHOOL
Where Understanding Matters More Than Marks
FIT India Focus
Holistic Growth
NEP-2020 Aligned
GLOBAL EXPOSURE WITH INDIAN ROOTS
Olympiad Preparation
New Age Global Skills Program
STEM, Coding ,AI Foundations
Strong Academic Excellence



Safe & Comfortable Hostel Facility Available
ADMISSION OPEN FOR AY 2026-27
For Class 1 to Class 12 (Maths, Bio, Commerce)




Address
MM School, Near Swami Vivekanand Airport, Nakti Raipur, Naya Raipur, (C.G), 492015
For More Details Visit Our Website
www.mmschool.ac.in
8236954321

ALLEN CHHATTISGARH
भरोसा जताया नहीं, जीता जाता है
जब नतीजे मायने रखते हैं, तो स्टूडेंट्स ALLEN को चुनते हैं



AIR 450
NEET-UG 2024
Nilay Suchak
महासमुंद, छत्तीसगढ़ | AIIMS रायपुर में अध्ययनरत
"मेंटॉरशिप और लगातार मार्गदर्शन ने मेरी तैयारी में बड़ा अंतर पैदा किया।"
"शिक्षकों ने जटिल टॉपिक्स को आसान कॉन्सेप्ट्स में समझाया, और मैं कभी भी अपने डाउट्स के लिए उनसे संपर्क कर सकता था। नियमित टेस्ट सीरीज़ और उसके डिटेल्ड एनालिसिस ने मुझे अपनी प्रोग्रेस पर नज़र रखने में मदद की। राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा से प्रेरित अध्ययन वातावरण ने मुझे मोटिवेटेड रखा। मेंटर्स और परिवार का सहयोग मेरी निरंतरता बनाए रखने में बहुत महत्वपूर्ण रहा।"



Chhattisgarh Topper
AIR 824
NEET-UG 2023
Saransh Patel
रायपुर, छत्तीसगढ़ | AIIMS जोधपुर में अध्ययनरत
"मार्गदर्शन और टेस्ट सीरीज़ ने मेरा आत्मविश्वास धीरे-धीरे बढ़ाया।"
"कठिन टॉपिक्स को आसान तरीके से समझाया गया, जिससे उन्हें समझना सरल हो गया। जब भी मुझे कोई डाउट होता था, शिक्षक उसे कभी भी क्लियर कर देते थे। स्टडी मटेरियल में बेसिक से लेकर एडवांस लेवल तक सब कुछ शामिल था, जिससे मेरी सेल्फ-स्टडी स्ट्रक्चर्ड रही। नियमित प्रैक्टिस टेस्ट्स ने मेरी स्किल्स को बेहतर बनाया, और मेंटरशिप सिस्टम के साथ-साथ माता-पिता के प्रोत्साहन ने मुझे कॉम्पिटिटिव एनवायरनमेंट में भी फोकस्ड रखा।"



AIR 1159
NEET-UG 2024
Raghav Agrawal
दुर्ग, छत्तीसगढ़ | AIIMS रायपुर में अध्ययनरत
"सहयोगी माहौल ने मुझे अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने में मदद की।"
"शिक्षकों ने कॉन्सेप्ट्स को बहुत स्पष्ट तरीके से समझाया और वे हमेशा डाउट्स सॉल्व करने के लिए तैयार रहते थे। मेरे माता-पिता और मेंटर्स के प्रोत्साहन ने पूरे सफर के दौरान मुझे मोटिवेटेड बनाए रखा।"



Chhattisgarh Topper
AIR 179
JEE Adv. 2025
Kinshuk Kedia
रायपुर, छत्तीसगढ़ | IIT दिल्ली में अध्ययनरत
"लगातार मार्गदर्शन और डाउट सपोर्ट ने मेरी तैयारी को आसान बना दिया।"
"जब भी मैं कहीं अटकता था, मुझे हमेशा मार्गदर्शन मिल जाता था। मेंटरशिप और डाउट्स क्लियर करने की सुविधा ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी कॉन्सेप्ट ज्यादा समय तक अनक्लियर न रहे। इस निरंतर शैक्षणिक सहायता ने मेरी तैयारी को आसान बनाया और कठिन समय में भी मुझे फोकस्ड रखा।"



AIR 155
JEE Adv. 2023
Akhilesh Agrawal
रायपुर, छत्तीसगढ़ | IIT दिल्ली, में अध्ययनरत
"संरचित तैयारी और विशेषज्ञ मार्गदर्शन मेरे लिए गेम चेंजर साबित हुए।"
"शिक्षकों ने कठिन कॉन्सेप्ट्स को आसान बनाया और जब भी मुझे कोई समस्या आई, उन्होंने तुरंत मेरे डाउट्स क्लियर किए। पर्याप्त स्टडी मटेरियल की वजह से सेल्फ-स्टडी प्रोडक्टिव रही, और प्रैक्टिस टेस्ट्स ने मेरी प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स को बेहतर किया। लगातार मेंटर सपोर्ट और कॉम्पिटिटिव माहौल ने मुझमें अनुशासन और फोकस विकसित किया, जिससे मैंने आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी की।"



AIR 1
PwBD
AIR 214
JEE Adv. 2025
Harshal Gupta
रायपुर, छत्तीसगढ़ | IIT बॉम्बे में अध्ययनरत
"संरचित पढ़ाई और नियमित टेस्टिंग ने मेरी तैयारी को सही दिशा में बनाए रखा।"
"मेरे लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद यह रहा कि सब कुछ बहुत ही व्यवस्थित तरीके से प्लान किया गया था। जिस तरह से कॉन्सेप्ट्स को स्टेप-बाय-स्टेप सिखाया गया, उससे कठिन टॉपिक्स भी आसान लगने लगे। नियमित टेस्ट्स ने मुझे ट्रैक पर बनाए रखा और यह समझने में मदद की कि मैं कहाँ खड़ा हूँ। समय के साथ, पढ़ाई और टेस्टिंग के इस लगातार चक्र ने मेरी एक्युरेसी और कॉन्फिडेंस दोनों को बढ़ाया।"
and many more...
Highest number of selections in GMCs and IITs from any institute in Chhattisgarh.
NEET से पहले NEET
FREE NEET MOCK MAJOR TEST 2026 (OPEN FOR ALL)
19th April 2026 (offline)
23rd April 2026 (online)
2:00 PM to 5:00 PM
Scan to register
ADMISSION CARNIVAL 2026
Scholarship* benefits
Flexible payment plans
Seats in early batches
Learn with experienced faculty
Special Scholarships* on the basis of previous Academic performance which can be availed On-Spot Admissions.
ADMISSIONS OPEN
JEE | NEET | OLYMPIADS | Class 8th to 12th & 12th Pass
SIGN UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
Test Dates 12 & 19 April 2026
Class 11th
Nurture Course
NEET (UG): 3 & 15 April
JEE (Main+Adv.): 3 & 15 April
Class 12th
Enthusiast Course
NEET (UG): 3 April
JEE (Main+Adv.): 3 April
Class 12th pass
Leader Course
NEET (UG): 16 April & 21 May
JEE (Main+Adv.): 23 April & 28 May
NEET (UG)Hindi Medium : 21 May (Raipur)
Class 8th to 10th
Pre-Nurture & Career Foundation
CLASS 8th, 9th & 10th : 26 March & 23 April
*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.
For test dates & course start dates visit website or nearest centre.
ALLEN RAIPUR 8951395440 allen.ac.in/raipur
ALLEN BILASPUR 8951395460 allen.ac.in/bilaspur
ALLEN BHILAI 9048777388 allen.ac.in/bhilai
ALLEN KOTA 86906 60111 allen.in
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid and full time classroom course.

## चिंतन

# देर से सही, लेकिन देना ही पड़ा इस्तीफा

नोटकांड में फंसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को देर से ही सही, लेकिन आखिरकार इस्तीफा देना ही पड़ा। यह केवल एक व्यक्ति का पद छोड़ना नहीं, बल्कि भारतीय न्यायपालिका की साख पर लगे एक गहरे दाग की स्वीकारोक्ति जैसा ही है। एक जज के घर से बोरियों में भारी मात्रा में नोटों का मिलना, वह भी आग लगने जैसी घटना के बाद, किसी साधारण अनियमितता का मामला नहीं हो सकता। यह सीधे-सीधे उस नैतिकता और शुचिता पर सवाल है, जिसकी उम्मीद न्यायाधीशों से की जाती है। होली 2025 की रात दिल्ली स्थित सरकारी आवास में आग लगने के बाद जले हुए नोटों की गड्डियां मिलने की घटना ने देश को चौंका दिया था। इसके बाद शुरू हुई जांच, ट्रांसफर, और न्यायिक कार्य से दूरी, ये सभी घटनाक्रम बताते हैं कि मामला कितना गंभीर था। दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरण भी कई सवाल छोड़ गया। क्या यह एक अस्थायी समाधान था या वास्तविक कार्रवाई से बचने का रास्ता? भारतीय लोकतंत्र में न्यायपालिका को सबसे भरोसेमंद स्तंभ माना जाता है, लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई जांच के बाद भी इस तरह के आरोप सामने आते हैं, तो जनता का विश्वास डगमगाना स्वाभाविक है। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए। इस मामले ने इसी बुनियादी सिद्धांत को चुनौती दी है। सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। क्या किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस्तीफा ही पर्याप्त दंड है? या फिर इसके आगे आपराधिक जांच और सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए? संसद में महाभियोग की प्रक्रिया जरूर मौजूद है, लेकिन इसकी जटिलता और लंबाई इसे अक्सर अप्रभावी बना देती है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि जस्टिस वर्मा ने आरोपों को साजिश बताया, जबकि सुप्रीम कोर्ट की कमेटी द्वारा करवाई गई जांच में उन्हें दोषी ठहराया गया। ऐसे विरोधाभासी दावों के बीच पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग और तेज हो जाती है। क्या जांच की पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए? क्या जनता को यह जानने का अधिकार नहीं है कि आखिर सच क्या है? इस पूरे घटनाक्रम ने न्यायपालिका के भीतर की इन-हाउस प्रणाली पर भी कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह प्रणाली इतनी सक्षम है कि वह अपने ही भीतर की गड़बड़ियों को निष्पक्षता से उजागर कर सके? या फिर इसमें बाहरी निगरानी की जरूरत है? यह समय इन सवालों से बचने का नहीं, बल्कि उनका सामना करने का है। देश में न्यायपालिका की ताकत उसकी नैतिक विश्वसनीयता में निहित होती है। अगर यही आधार कमजोर पड़ने लगे, तो पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर असर पड़ता है। इसलिए यह जरूरी है कि इस मामले को केवल एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना मानकर भुला न दिया जाए, बल्कि इसे एक चेतावनी के रूप में भी लिया जाए। अब जरूरत है न्यायपालिका में ठोस सुधारों की। जजों के लिए आचार संहिता को और कड़ा किया जाए, नियुक्ति और निगरानी प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाए और आरोप साबित होने पर त्वरित व सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। न्यायपालिका की स्वतंत्रता उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी उसकी जवाबदेही। अंततः, देर से ही सही लेकिन न्याय की जीत हुई है। चूंकि देर-सबेर जस्टिस वर्मा को इस्तीफा देना ही था। लेकिन यशवंत वर्मा का इस्तीफा एक अंत नहीं, बल्कि शुरुआत होना चाहिए एक ऐसे सुधार की, जो न्यायपालिका को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और भरोसेमंद बना सके। लोकतंत्र में न्याय का मंदिर तभी मजबूत रहेगा, जब उसकी नींव पूरी तरह निष्कलंक हो।

# ज्योतिराव फुलेः भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक



जयंती विशेष
नरेंद्र मोदी

आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक तथा पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती है। हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है। महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं।

महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ, लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, "हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।" साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही। महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, "बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।" उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया। शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है।

पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधार स्तंभ बना रहा है। अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है।

उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के



लिए भी हरसंभव प्रयास किए। महात्मा फुले ने कहा था, "जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिळत नाही" यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना।

यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है। उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा। लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं। महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है।

वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया। भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे। मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है।

उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा ज्योतिराव फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं,, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विचार

राजेश अग्रवाल



# साय के नेतृत्व में बस्तर बनेगा ग्लोबल टूरिज्म हब

कभी नक्सलवाद की चुनौतियों से जूझने वाला बस्तर अब शांति, विकास और पर्यटन की नई पहचान गढ़ रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा नक्सलवाद के खात्मे की घोषणा के बाद बस्तर में विकास की रफ्तार तेज हो गई है और अब यह क्षेत्र राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा देकर एक ऐतिहासिक पहल की है, जिसके अंतर्गत होटल, इको-टूरिज्म, वेलनेस सेंटर और एडवेंचर स्पोर्ट्स जैसे क्षेत्रों में 45 प्रतिशत तक सब्सिडी एवं प्रोत्साहन पैकेज प्रदान किए जा रहे हैं। इससे निजी निवेश को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में बस्तर को एक विश्वस्तरीय पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता, जनजातीय संस्कृति और पारंपरिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाए। पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने और आकर्षक सब्सिडी नीति के माध्यम से हम देश-विदेश के निवेशकों को आमंत्रित कर रहे हैं। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। राज्य सरकार का लक्ष्य बस्तर को ऐसा पर्यटन केंद्र बनाना है जहां पर्यटक सुरक्षित, सहज और समृद्ध अनुभव प्राप्त कर सकें। नक्सलवाद के समाप्त होने के बाद बस्तर में शांति और सुरक्षा का वातावरण बना है, जो पर्यटन विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण आधार है। आने वाले समय में बस्तर देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित होगा।

**चित्रकोट बनेगा अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्रः** बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थल चित्रकोट जलप्रपात को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए तीर्था गांव में लगभग 50 लग्जरी टेंट, साहसिक गतिविधियों और आधुनिक सुविधाओं से युक्त टेंट सिटी परियोजना प्रस्तावित है, जिसमें करीब 25 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। इसके साथ ही "इंडिजिनस नेचर रिट्रीट" जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना के माध्यम से लगभग 250 करोड़ रुपये के निवेश से चित्रकोट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान और धुड़मारास गांव को वैश्विक पहचान मिल रही है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा धुड़मारास को विश्व के श्रेष्ठ पर्यटन ग्रामों में शामिल किए जाने से बस्तर की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत हुई है। राज्य सरकार की होमस्टे नीति के माध्यम से ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ मिलने के साथ पर्यटकों को बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति का अनुभव भी प्राप्त हो रहा है।


**बेहतर कनेक्टिविटी से आसान होगा सफर :** बस्तर क्षेत्र में कनेक्टिविटी सुधार के लिए रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना सहित कई सड़क एवं परिवहन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिससे पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। "बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट" के माध्यम से पर्यटन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है, वहीं मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन के तहत पर्यटन स्थलों के उन्नयन, स्वच्छता, पेयजल, अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी और पर्यटक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**प्राकृतिक सौंदर्य और संस्कृति का अनमोल संगम :** बस्तर पंडुम जैसे भव्य आयोजनों के माध्यम से जनजातीय संस्कृति, लोकगीत, नृत्य और हस्तशिल्प को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके साथ ही युवाओं को टूरिस्ट गाइड के रूप में प्रशिक्षित कर उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा होमस्टे, रिसॉर्ट, वुडन कॉटेज और कैफेटेरिया जैसी सुविधाओं के विकास के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे बस्तर टूरिज्म सर्किट को सशक्त बनाया जा सके।

**नई पहचान की ओर बस्तरः** नक्सलवाद के अंत के बाद बस्तर अब शांति, विकास और पर्यटन की नई पहचान के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। अब बस्तर केवल अपने अतीत की चुनौतियों के लिए नहीं, बल्कि समृद्ध जनजातीय संस्कृति, अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य और विकास की नई संभावनाओं के लिए पहचाना जाएगा।

-पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग कैबिनेट मिनिस्टर, छत्तीसगढ़ शासन

# हर अपराधी में होता है सहायता के लिए पुकारता एक इंसान



श्री श्री रविशंकर

## दर्शन

विश्वास और संवाद का टूटना ही सभी संघर्षों को जन्म देता हैं। लेकिन जब किसी को यह महसूस होता है कि उसे समझा जा रहा है, तो वह सुनना शुरू करता है और सबसे कठोर हृदय भी धीरे-धीरे पिघलने लगता है। गहरी समझ यह है कि हर अपराधी के भीतर एक पीड़ित छिपा होता है, जो सहायता के लिए पुकार रहा होता है, एक ऐसी चोट जो देखभाल चाहती है। यदि आप उन्हें ठीक होने में सहायता करें और यह अनुभव दें कि उनकी बात को सुना जा रहा है तो अपराधी स्वतः ही विलीन हो जाता है।

**करुणा, प्रज्ञा और वैराग्य का अंतर्संबंध**

यदि आप मेरी दृष्टि से देखें, तो वे सभी सुंदर हैं। यह सब समझने, सुनने और करुणामय होने की बात है। करुणा कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हम मांगें या जिसके लिए किसी के कहने का इंतजार करें। करुणा हमारा स्वभाव है, हमारी मूल प्रकृति। करुणा को सशक्त बनाए रखने के लिए उसके साथ दो और गुणों का होना आवश्यक है-प्रज्ञा और वैराग्य। यदि इनमें से कोई एक भी अनुपस्थित हो, तो करुणा अपनी शक्ति खो देती है। प्रश्न उठता है कि कोई व्यक्ति करुणामय होते हुए भी विरक्त कैसे रह सकता है।

# अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित

## प्रेरणा

एक गाँव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहाँ जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहाँ चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियाँ हो गया । चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया– 'तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।' !

## अंतर्मन




## आज की पाती

**युद्धविराम से उभरती नई विश्व व्यवस्था की दिशा**

मध्य पूर्व में पिछले चालीस दिनों से जारी तनाव और संघर्ष के बाद जब अमरीका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल दो देशों के बीच शांति का क्षण भर का प्रयास नहीं था, बल्कि वैश्विक राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में सामने आया। इस संघर्ष ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती दी, बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी गहरा प्रभाव डाला। ऐसे में यह युद्धविराम आशा की एक किरण के रूप में देखा जा रहा है, किंतु इसके पीछे छिपी जटिलताएं और भविष्य की अनिश्चितताएं भी उतनी ही गंभीर हैं। होर्मुज स्ट्रेट, जो विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है, संघर्ष का केंद्र बन गया था। **-कांतिलाल मांडोत**, सूरत

## ट्रेंड


### सफलता की कुंजी



आपकी परिस्थितियां, संघर्ष और सपने ही आपको अद्वितीय बनाते हैं। इसलिए, अपनी क्षमताओं और खूबियों को पहचानें और फिर पूर्ण समर्पण के साथ आगे बढ़ें। यही संतुलन सच्ची खुशी व सफलता की कुंजी है।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### महत्वपूर्ण बदलाव



संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण अब देश में बेहद खुशी और उत्साह का क्षण है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने इस अधिनियम को लाने के लिए इतना बड़ा प्रयास किया। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव साबित होगा।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### उन्नत तकनीकों का प्रयोग



हमारे किसान भाइयों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी अपनाना चाहिए। मिट्टी की सेहत का ध्यान रखते हुए, संतुलित उर्वरकों का उपयोग और जल संरक्षण के लिए उन्नत तकनीकों का प्रयोग समय की आवश्यकता है।

**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### महिला आरक्षण




लंबे समय तक चुप्पी साधने के बाद मोदी सरकार अचानक महिला आरक्षण के मुद्दे पर सक्रिय हो गई है। इस बारे में, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण के मुद्दे पर 16 से 18 अप्रैल तक संसदीय बैठक तय है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया एवं चीन सहयोग और गहरा करने पर सहमत



उत्तर कोरिया और चीन के विदेश मंत्रियों ने अपने देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर ' 'गहन विचार–विमर्श'' किया। दोनों देशों के सरकारी मीडिया संस्थानों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी बृहस्पतिवार को प्योंगयांग पहुंचे। यह पिछले सात वर्ष में उत्तर कोरिया की उनकी पहली यात्रा है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि वांग और उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चोए सोन हुई ने अपनी बैठक में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की लेकिन उन्होंने इन मुद्दों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। उत्तर कोरिया की सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि दोनों पक्ष विदेश नीति से जुड़े मामलों को संभालने वाली अपनी एजेंसियों के बीच रणनीतिक संवाद मजबूत करने पर भी सहमत हुए। किसी भी समाचार संस्थान ने यह नहीं बताया कि चोए और वांग ने अमेरिका पर चर्चा की या नहीं, या फिर पश्चिम एशिया के युद्ध जैसे अन्य मुद्दों पर बात हुई या नहीं। वांग ने उत्तर कोरिया की यात्रा ऐसे समय की है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मई में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ पुनर्निर्धारित शिखर सम्मेलन के लिए बीजिंग जाने वाले हैं।

## ऑफ बीट

# मानव शरीर का 'डिजाइन परफेक्ट' नहीं : अध्ययन



मानव शरीर में रीढ़ अर्थात स्पाइन इस तर्क का सबसे अच्छा उदाहरण है। हमारी कशेरुक स्तंभ यानी वर्टिब्रल कॉलम का विकास चार पैरों वाले, पेड़ों पर रहने वाले पूर्वजों से हुआ, जहां इसका मुख्य कार्य लचीलेपन के साथ शाखाओं के बीच चलना और स्पाइनल कॉर्ड की रक्षा करना था। जब मनुष्य सीधा चलने लगा, तो रीढ़ को शरीर का वजन संभालने और संतुलन बनाए रखने की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली तथा उस पर दबाव बढ़ा। रीढ़ का लचीलापन वजन को संतुलित करने में मदद करता है, लेकिन इससे कमर दर्द, डिस्क खिसकने और अन्य समस्याओं का खतरा भी बढ़ता है। ये समस्याएं इसलिए आम हैं क्योंकि रीढ़ वह काम कर रही है, जिसके लिए वह मूल रूप से विकसित नहीं हुई थी। गर्दन में मौजूद 'रिकरेंट लेरिंजियल नर्व' भी एक असामान्य संरचना का उदाहरण है। यह नस वेगस नर्व की शाखा है तथा हृदय की गति और आराम और पाचन के दौरान धड़कन तथा श्वांस को नियंत्रित करती है। यह बोलने व निगलने में भी मदद करती है। सीधे रास्ते से मस्तिष्क से गले तक जाने के बजाय यह नस पहले छाती में नीचे जाती है, एक प्रमुख धमनी के चारों ओर घूमती है और फिर वापस गले तक आती है। यह जटिल मार्ग किसी बुद्धिमान डिजाइन का परिणाम नहीं, बल्कि मछली जैसे पूर्वजों से विरासत में मिला है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पिघलती बर्फ बनी काल : एम्परर पेंगुइन पर मंडराया विलुप्त होने का खतरा

**न्यूयार्क।** अंटार्कटिका की कड़ाके की ठंड और बर्फीली वादियों की शान कहे जाने वाले एम्परर पेंगुइन अब अपने वजूद की लड़ाई लड़ रहे हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट ने दुनियाभर के पर्यावरण प्रेमियों को हिलाकर रख दिया है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर ने चेतावनी दी है कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो ये शानदार पक्षी जल्द ही धरती से विलुप्त हो सकते हैं। शायद आपको यकीन न हो, लेकिन इस रिपोर्ट का कहना है कि दुनिया के सबसे बड़े पेंगुइन अब कुछ ही सालों के मेहमान हैं। आईयूसीएन ने अब इन्हें अपनी रेड लिस्ट में डाल दिया है।

## क्यों खतरे में है एम्परर पेंगुइन?

एम्परर पेंगुइन की पूरी जिंदगी समुद्री बर्फ पर टिकी होती है। वे इसी बर्फ पर अंडे देते हैं, बच्चों को पालते हैं और शिकार से बचने के लिए इसका सहारा लेते हैं। लेकिन, पिछले कुछ सालों से क्लाइमेट चेंज की वजह से अंटार्कटिका की बर्फ रिकॉर्ड तेजी से पिघल रही है। इसकी वजह से इनके बच्चों की मौत हो रही है। क्योंकि, पेंगुइन के बच्चों के पंख तब तक वॉटरप्रूफ नहीं होते, जब तक वे पूरी तरह बड़े न हो जाए। और, जब समय से पहले बर्फ पिघल जाती है, तो ये बच्चे ठंडे पानी में गिर जाते हैं और तैरना न आने की वजह से उनकी मौत हो जाती है।



## सिर्फ बर्फ ही नहीं, खाने का भी संकट

पेंगुइन प्रमुख रूप से क्रिल (छोटी मछली जैसे जीव) खाते हैं। लगातार समंदर का तापमान बढ़ने से क्रिल की संख्या कम हो रही है। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर होने वाली फिशिंग (मछली पकड़ना) भी पेंगुइन के मुंह से निवाला छीन रही है। खाना कम होने की वजह से वयस्क पेंगुइन कमजोर हो रहे हैं और वे अपने बच्चों का पेट तक नहीं भर पा रहे हैं।

## क्या 2100 तक सब खत्म हो जाएगा?

वैज्ञानिकों का अनुमान बेहद डरावना है। अगर ग्लोबल वॉर्मिंग इसी रफ्तार से बढ़ती रही, तो साल 2100 तक एम्परर पेंगुइन की 98% आबादी खत्म हो सकती है। इसका मतलब है, अगली सदी की शुरुआत तक शायद ये जीव दुनिया के नक्शे से पूरी तरह गायब हो जाएं।

## क्या अब भी उम्मीद बाकी है?

वैज्ञानिकों का मानना है कि इन्हें बचाया जा सकता है, लेकिन इसके लिए पूरी दुनिया को साथ आना होगा। अगर हम धरती के बढ़ते तापमान को 1.5C या 2C तक रोक पाए, तभी अंटार्कटिका की बर्फ को बचाया जा सकता है। इसके साथ ही अंटार्कटिका के आसपास के समंदर को 'नो-फिशिंग जोन' घोषित करना होगा, जिससे पेंगुइन को पर्याप्त खाना मिल सके।

# घायल बच्चा ठीक होते ही लगाने लगा नर्सों के साथ ठुमके



**नई दिल्ली।** हमेशा हम अस्पताल का नाम सुनते ही डर, दर्द और चिंता की तस्वीर अपने मन में बना लेते हैं। लेकिन, कभी-कभी यही जगह ऐसे खूबसूरत और भावुक कर देने वाले पल भी दे जाती है, जो दिल को छू जाते हैं और इंसानियत पर भरोसा और मजबूत कर देते हैं। हाल ही में एक अस्पताल का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने हर किसी के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। दरअसल, एक अस्पताल का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक छोटा बच्चा नजर आता है, जो घायल बताया जा रहा है। उसे सही समय पर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां नर्सों ने उसकी पूरी देखभाल की उनकी मेहनत और समर्पण का ही नतीजा था कि बच्चे का इलाज सफल रहा और उसकी तबीयत में जल्दी सुधार देखने को मिला. जहां पहले कमरे में डर और बेचैनी का माहौल था, वहीं इलाज के बाद सब कुछ बदल गया।

## नर्सों के साथ किया प्यारा डांस

जैसे ही बच्चा बेहतर महसूस करने लगा, उसके चेहरे पर मुस्कान लौट आई। वह अब पहले की तरह डरा हुआ नहीं था, बल्कि खुश और हल्का महसूस कर रहा था। यही वो पल था जब माहौल पूरी तरह बदल गया और कमरे में खुशी की लहर दौड़ गई। इलाज के बाद जो दृश्य सभी के सामने आया, वह सच में दिल को छू लेने वाला था। बच्चा उन्हीं नर्सों के साथ डांस करने लगा, जिन्होंने उसकी देखभाल की थी। नर्सें भी उसकी खुशी में शामिल हो गईं और सभी ने मिलकर उस पल को खास बना दिया। यह पल देखकर साफ समझ आता है कि इलाज सिर्फ दवाइयों से नहीं, बल्कि प्यार और अपनापन से भी होता है।

## इंसानियत और दया की मिसाल बना वीडियो

यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग नर्सों की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हर कोई उनके इस संवेदनशील और मानवीय व्यवहार की सराहना कर रहा है और कह रहा है कि असली हीरो वही होते हैं, जो अपने काम के साथ-साथ इंसानियत भी निभाते हैं। सिर्फ नर्सें ही नहीं, बल्कि इस छोटे बच्चे ने भी लोगों का दिल जीत लिया है। कई यूजर्स ने उसकी मासूमियत और हिम्मत की तारीफ करते हुए उसे सच्चे दिल वाला बताया है। वहीं, कुछ लोगों ने अस्पताल प्रबंधन का भी धन्यवाद किया है, जिन्होंने इतने अच्छे तरीके से मरीजों की देखभाल की और ऐसा सकारात्मक माहौल बनाया, जहां इलाज के साथ-साथ भावनाओं का भी ख्याल रखा जाता है।

# नासा ने शेयर किया अंतरिक्ष से सूर्य ग्रहण का वीडियो, ओरियन की खिड़की से दिखा नजारा

वॉशिंगटन। नासा के चार एस्ट्रोनॉट्स (रीड वाइसमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैनसन) अंतरिक्ष के इतिहास में पहले ऐसे इंसान बन गए हैं, जिन्होंने धरती से नहीं, बल्कि चांद के करीब गहरे अंतरिक्ष से पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा है। यह तब हुआ, जब वे चांद के पिछले हिस्से से गुजर रहे थे। इस मिशन के दौरान एस्ट्रोनॉट्स के ओरियन कैप्सूल में लगे कैमरे ने इस पूरे पल को रिकॉर्ड भी किया था। अब नासा ने इसका वीडियो भी जारी कर दिया है। इसमें ओरियन कैप्सूल ने चांद के पीछे से गुजरते समय एक पूर्ण सूर्य ग्रहण को अपने कैमरे में कैद किया है। इस वीडियो को देखकर पूरी दुनिया के लोग हैरान हैं।

## वीडियो में क्या दिखा?

नासा ने ओरियन स्पेसक्राफ्ट के सोलर एरे विंग्स पर लगे कैमरों से ली गई तस्वीरों को जोड़कर एक वीडियो बनाया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि कैसे चांद धीरे-धीरे सूरज के सामने आता है और उसे पूरी तरह ढक लेता है। जब सूरज पूरी तरह छिप जाता है, तो उसके पीछे से एक चमकदार सफेद रोशनी का घेरा निकलता है, जिसे 'सोलर कोरोना' कहा जाता है। धरती से यह नजारा कुछ मिनटों का होता है, लेकिन अंतरिक्ष यात्रियों के लिए यह



## पहली बार अंतरिक्ष से दिखा सूर्य ग्रहण

धरती पर तो हम अक्सर सूर्य ग्रहण देखते हैं, जहां चांद सूरज को ढकता हुआ नजर आता है। लेकिन, आर्टेमिस-2 के जांबाज (रीड वाइसमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैनसन) पहले ऐसे इंसान बन गए हैं, जिन्होंने गहरे स्पेस से इस नजारे को देखा। नासा के वीडियो में दिख रहा है कि कैसे काला चांद धीरे-धीरे सूरज के सामने आता है और फिर सूरज के चारों ओर एक 'चमकता हुआ घेरा' दिखाई देने लगता है।




## चश्मे पहनकर देखा ग्रहण

नासा ने एक फोटो भी साझा की है, जिसमें चारों एस्ट्रोनॉट्स ओरियन की खिड़की के पास एक्लिप्स ग्लासेस पहनकर इस नजारे का आनंद ले रहे हैं। भले ही वे अंतरिक्ष में थे, लेकिन सूरज की सीधी किरणों से आंखों को बचाने के लिए सुरक्षा जरूरी थी।

## 54 मिनट का अंधेरा

धरती पर जब सूर्य ग्रहण लगता है, तो पूर्ण ग्रहण केवल 2 से 7 मिनट तक रहता है। लेकिन, ओरियन स्पेसक्राफ्ट की स्थिति ऐसी थी कि एस्ट्रोनॉट्स ने करीब 54 मिनट तक पूर्ण सूर्य ग्रहण का अनुभव किया। अंतरिक्ष में स्पेसक्राफ्ट और चांद की गति और स्थिति के तालमेल की वजह से उन्हें यह नजारा धरती के मुकाबले कई गुना ज्यादा समय तक देखने को मिला।

# असली बच्चे जैसे दिखने वाली ये डॉल्स बन रहीं लोगों का सहारा



**न्यूयार्क।** असली बच्चों जैसी दिखने वाली रीबॉर्न डॉल्स दुनियाभर में तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं। ये डॉल्स न सिर्फ एक आर्ट फॉर्म हैं, बल्कि कई लोगों के लिए मानसिक शांति, भावनात्मक सहारा और थेरेपी का जरिया भी बन चुकी हैं। पहली नजर में ये आपको बिल्कुल असली नवजात बच्चे लगेंगे, नरम त्वचा, छोटे-छोटे हाथ-पैर और चेहरे के भाव तक असली जैसे। लेकिन, असल में ये गुड़िया हैं, जिन्हें रीबॉर्न डॉल्स कहा जाता है। दुनियाभर में इनका क्रेज तेजी से बढ़ रहा है और खासकर महिलाएं इन्हें सिर्फ खिलौना नहीं, बल्कि भावनात्मक सहारे के रूप में अपना रही हैं।

## क्यों बढ़ रहा है इन डॉल्स का क्रेज?

- मानसिक शांति और थेरेपी- कई लोग इन डॉल्स को पकड़कर या उनकी देखभाल करके मानसिक शांति महसूस करते हैं। यह चिंता, डिप्रेशन और पीटीएसडी जैसी समस्याओं में मददगार माना जाता है।
- दुख और अकेलेपन से उबरने का सहारा- जिन महिलाओं ने बच्चे को खोया हो, गर्भपात हुआ हो या जो मां नहीं बन पा रही हों, उनके लिए ये डॉल्स एक भावनात्मक सहारा बनती हैं।
- डिमेंशिया और बुजुर्गों की देखभाल- अल्जाइमर या डिमेंशिया के मरीजों के लिए भी ये डॉल्स उपयोगी साबित हो रही हैं। इनकी देखभाल करने से उन्हें एक उद्देश्य और सुकून मिलता है।
- आर्ट और कलेक्शन का शौक- कुछ लोग इन्हें एक आर्ट पीस के रूप में खरीदते हैं। इनकी बारीकी और रियल लुक इन्हें कलेक्टर्स के बीच खास बनाती है।
- सोशल मीडिया का असर- इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर इन डॉल्स के अनबॉक्सिंग और केयर वीडियो लाखों व्यूज बटोरते हैं, जिससे इनकी लोकप्रियता और बढ़ रही है।

## क्या हैं रीबॉर्न डॉल्स?

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, रीबॉर्न डॉल्स बेहद खास तरह की गुड़िया होती हैं, जिन्हें इतनी बारीकी से बनाया जाता है कि ये असली बच्चों जैसी लगती हैं। इनकी खासियत हैं- हाथों से पेंट की गई त्वचा, असली जैसे बाल (मोहायर से बनाए गए), वजन ऐसा कि गोद में लेने पर असली बच्चा लगे, चेहरे के एक्सप्रेशन भी बिल्कुल रियल। इनकी कीमत कुछ सौ डॉलर से लेकर हजारों डॉलर तक हो सकती है। इस ट्रेंड की शुरुआत 20वीं सदी के आखिर में संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई थी।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या... बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
क्रम सं. (1) ई-निविदा संख्या डीआरएम इंजी बीएसपी टी-20-26-27, दिनांक: 02/04/2026
कार्य : बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न इंजीनियरिंग संकेतकों और पूर्णतः रेट्रो-रिफ्लेक्टिव बोर्डों का निर्माण, आपूर्ति और स्थापना।
निविदा मूल्य (रु): 1,23,08,275/ अमानत राशि (रु): 2,46,200/-
क्रम सं. (2) ई-निविदा संख्या डीआरएम इंजी बीएसपी टी-21-26-27, दिनांक: 02/04/2026
कार्य : बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत H-बीम स्लीपरों में सेल्फ-लॉकिंग नटों की प्रावधान।
निविदा मूल्य (रु): 1,61,17,872/- अमानत राशि (रु) : 3,22,400/-
क्रम स. (3) ई-निविदा संख्या: डीआरएम इंजी. बीएसपी-टी-22-26-27, दिनांक: 02/04/2026
कार्य : बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता शहडोल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत प्रमुख शहरों के प्रवेश मार्गो पर अतिक्रमण की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर सीमा दीवार/कंपाउंड दीवार का निर्माण तथा सहायक मंडल अभियंता उमरिया के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत 10 बिस्तरों वाली बैरक का निर्माण।
निविदा मूल्य (रु): 2,93,22,126/- अमानत राशि (रु) : 5,86,500/-
क्रम सं. (4) ई-निविदा संख्या डीआरएम इंजी बीएसपी-टी-23-26-27, दिनांक: 02/04/2026
कार्य : बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत (i) अनूपपुर-कटनी सेक्शजन में पुल संख्या 128 DN और 162 DN के एबटमेंट और पियर्स की जैकेटिंग का प्रावधान और (ii) अनूपपुर-अंबिकापुर सेक्शन में बड़े और छोटे पुलों पर बैलास्ट रिटेनर्स, रिटेनिंग वॉल्स, विंग वॉल्स, टो वॉल्स, फ्लोरिंग, निरीक्षण सीढ़ियों, ट्रॉली रिफ्यूज, सेस चौडीकरण, ढलानों पर ड्राई पिचिंग और अन्य संबंधित सुरक्षा कार्यों का उन्नयन सुदृढ़ीकरण।
निविदा मूल्य (रु): 9,15,90,691/- अमानत राशि (रु): 18,31,800/-
क्रम सं. (5) ई-निविदा संख्या: डी जारएम-इंजी बीएसपी टी-24-26-27, दिनांक: - 02/04/2026
कार्य : बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता मनेंद्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत, ट्रैक अनुरक्षकों के लिए VHF (बहुत उच्च आवृत्ति) आधारित आगमनशील ट्रेन चेतावनी प्रणाली (RAKSHAK) की आपूर्ति, स्थापना और चालू करने का कार्य।
निविदा मूल्य (रु): 1,57,27,512/- अमानत राशि (रु): 3,14,600/- कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह निविदा जमा करने की आरंभ तिथि : दिनांक 14-04-2026 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 28-04-2026 के 11-00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओ हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/AM/10 द.पू.म.रेलवे बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

# घर में निकली लाल बाबा चीटियां!

## छतरपुर में आस्था से जुड़ा अनोखा रहस्य

**भोपाल।** छतरपुर जिले में गर्मी मौसम में घरों में लाल बड़ी चींटियां निकलने लगती हैं। जिसे लोग आस्था से जोड़ते हैं। लोगों की मान्यता है कि यह अपने किसी उद्देश्य से निकलती हैं। इसलिए, इन्हें परेशान डिस्टर्ब नहीं करते हैं। अगर करते हैं तो यह ओर निकलते हैं। अगर गलती से भी मर गए तो पीछे पड़ जाते हैं। इन्हें क्षेत्रीयता भाषा में बाबा भी कहा जाता है। इन्हें भगाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय भी करते हैं। इसके लिए लोग हवन भी करते हैं।

**बाबा के नाम से पहचानते लोग :** ग्रामीण कालीचरण बताते हैं कि गर्मी मौसम में ज्यादातर निकलते हैं। जमीन के अंदर जब गर्मी ज्यादा पड़ती है और बाहर ठंडक मिलती है तो यह निकलते हैं। गर्मी मौसम में निकलते रहते हैं। अभी 1 अप्रैल से जिले में तापमान बढ़ने से गर्मी होने लगी, लेकिन फिर बारिश होने लगी तो मौसम ठंडा होने लगा। जमीन के अंदर गर्मी और बाहर ठंडक होने की वजह से यह घरों की कच्ची जमीन में निकल रहे हैं। हमारे यहां क्षेत्रीय भाषा में इन चींटियों को बाबा या वोमुत कहते हैं। बताते हैं कि घरों में कच्ची जगह ज्यादा निकलते हैं। क्योंकि, जमीन के अंदर रहते हैं। ये खुद ही जमीन खोदकर निकलने लगते हैं। जिन घरों में ये लाल चींटियां निकलती हैं वहां इनको मारा नहीं जाता है। मान्यता है कि इनको मारने से यह ज्यादा निकलते हैं। इनमें एकता बहुत होती है। अगर इन्हें पता चला कि हमारा साथी मारा गया तो वह पूरे घर में यहां से वहां घूमते हैं। साथ ही घर के लोगों को काटते भी हैं। इसलिए, इन्हें कोई भी व्यक्ति परेशान नहीं करता है।

**हवन से मिलती शांति :** वहीं, राम-जानकी मंदिर पुजारी बताते हैं कि जब ये घरों में लगातार निकलते हैं और कई दिनों तक निकलते ही रहते हैं तो फिर इन्हें शांत यानि भगाने के लिए लोग हवन भी करते हैं। मान्यता है कि घी के हवन से इन्हें शांति मिलती है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल
(महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, लिवर व किडनी रोग, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, थाइरॉयड सर्जरी, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

पाइल्स
क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ
(ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चार्ज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अमेरिकी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पड़ी धीमी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी अर्थव्यवस्था अक्टूबर-दिसंबर, 2025 की तिमाही में सुस्त पड़कर सिर्फ आधा प्रतिशत की दर से बढ़ी जो 0.7 प्रतिशत के सरकारी पूर्वानुमान से कम है। दिसंबर तिमाही में जीडीपी 0.5 प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि जुलाई-सितंबर तिमाही में यह 4.4 प्रतिशत और अप्रैल-जून तिमाही में 3.8 प्रतिशत बढ़ा था।

# सोना खरीदने की मची होड़! दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने बढ़ाया गोल्ड रिजर्व

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जनवरी के अंत में सोने की कीमत ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई थी लेकिन फरवरी में इसमें कुछ नरमी आई। इसका फायदा उठाते हुए दुनिया के कई देशों के सेंट्रल बैंकों ने जमकर सोने की खरीदारी की।

- फरवरी में केंद्रीय बैंकों ने 27 टन सोने की नेट खरीदारी की

जनवरी में उन्होंने केवल 6 टन सोना खरीदा था जबकि फरवरी में उन्होंने 27 टन सोने की नेट खरीदारी की। यह लगातार 23वां महीना है जब सेंट्रल बैंक सोने के नेट खरीदार रहे। हालांकि इस दौरान तुर्की और रूस ने अपने भंडार से सोने की बिक्री की। वर्ल्ड बैंक काउंसिल के मुताबिक फरवरी में यूरोपीय देश पोलैंड ने सबसे ज्यादा 20 टन सोना खरीदा। करीब एक साल में उसकी यह सबसे बड़ी मासिक खरीद है। पिछले साल फरवरी में पोलैंड ने 29 टन सोना खरीदा था। करीब 3.7 करोड़ की आबादी वाले इस देश का गोल्ड रिजर्व 570 टन पहुंच गया है जो उसके कुल रिजर्व का 31 फीसदी है। पोलैंड के केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने 700 टन का टारगेट रखा है। भारत का गोल्ड रिजर्व करीब 880 टन है जो कुल रिजर्व का 15.17 फीसदी है।

### सबसे अधिक यूरोपीय देश पोलैंड ने फरवरी में 20 टन सोना खरीदा

#### किस-किस ने खरीदा सोना?

पोलैंड के अलावा उजबेकिस्तान और कजाकस्तान ने फरवरी में 8-8 टन सोना खरीदा। चेक गणराज्य और मलेशिया ने 2-2 टन और चीन तथा कंबोडिया के सेंट्रल बैंकों ने 1-1 टन सोना खरीदा। उजबेकिस्तान के सेंट्रल बैंक ने लगातार पांचवें महीने खरीदारी की। इसके साथ ही उसका गोल्ड रिजर्व 407 टन पहुंच गया है जो उसके कुल रिजर्व का 88 फीसदी है। चेक गणराज्य ने लगातार 36वें महीने अपना गोल्ड रिजर्व बढ़ाया है। इस यूरोपीय देश का सोने का भंडार अब 75 टन पहुंच चुका है जो उसके कुल रिजर्व का 7 फीसदी है।



#### किसने की सोने की बिक्री?

चीन ने लगातार 17वें महीने सोने खरीदा है। इसके साथ ही उसका गोल्ड रिजर्व 2,308 टन पहुंच चुका है जो उसके टोटल रिजर्व का 10 फीसदी है। इस बीच तुर्की और रूस ने फरवरी में सोने की बिक्री की। तुर्की ने 8 टन और रूस ने 6 टन सोना बेचा। तुर्की ने ईरान में लड़ाई शुरू होने के बाद 20 अरब डॉलर का सोना बेचा है या उस पर लोन लिया है। तुर्की के सेंट्रल बैंक ने इस दौरान 52 टन सोना बेचा है। साथ ही 79 टन गोल्ड पर लोन लिया है। लीरा की गिरावट को थामने के लिए तुर्की को ऐसा करना पड़ा है।

#### फरवरी में सोने का हाल

फरवरी में सेंट्रल बैंकों ने कुल 27 टन सोने की खरीदी की। इनमें पोलैंड, उजबेकिस्तान और कजाकस्तान सबसे बड़े खरीदार बने। वही चीन के सेंट्रल बैंक ने लगातार 17वें महीने खरीदा सोना। इन सबके बीच रूस और तुर्की के सेंट्रल बैंकों ने की सोने की बिक्री। जनवरी के अंत में सोना ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा था।

## मजबूत घरेलू मांग और आसान वित्तपोषण से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी

# एडीबी ने 2026-27 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर किया 6.9 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मजबूत घरेलू मांग, आसान वित्तपोषण परिस्थितियों और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के कम शुल्क के समर्थन से चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर के 6.9 प्रतिशत रहने का शुक्रवार को अनुमान लगाया। वहीं अगले वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत रहने की संभावना है।*

'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट' में एडीबी ने कहा कि यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो इससे कई माध्यमों के जरिये भारत के व्यापक आर्थिक प्रदर्शन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इनमें ऊर्जा कीमतों में वृद्धि, व्यापार प्रवाह में बाधा एवं धन प्रेषण (रेमिटेंस) में कमी शामिल हैं क्योंकि यह क्षेत्र भारत के बाहरी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है।




- भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका का कम शुल्क भारत के लिए महत्वपूर्ण
- बढ़ती महंगाई प्रभावित कर सकती है जीडीपी
- पश्चिम एशिया में लंबा संघर्ष भविष्य के लिए बड़ा खतरा

### मुद्रा की कमजोरी से प्रभावित होगी वृद्धि दर

एडीबी ने अनुमान जताया कि खाद्य कीमतों में पहले आई गिरावट के बाद उछाल, वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि, मुद्रा की कमजोरी और कीमती धातुओं की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.1 प्रतिशत से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में 4.5 प्रतिशत हो सकती है। अगले वित्त वर्ष 2027-28 में तेल कीमतों में नरमी के कारण यह घटकर चार प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### 2027-28 में होगी 7.3 प्रतिशत

एडीबी ने कहा कि 2027-28 में वृद्धि दर बढ़कर 7.3 प्रतिशत हो सकती है जिसे घरेलू सुधारों, यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौतों के प्रभाव और सरकारी वेतन वृद्धि से समर्थन मिलेगा। दिसंबर 2025 में जारी 'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट' में एडीबी ने 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था।

### पश्चिम एशिया संघर्ष से व्यापार होगा प्रभावित

एडीबी का अनुमान है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और व्यापार में जारी अनिश्चितता के कारण विकासशील एशिया व प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि दर पिछले वर्ष के 5.4 प्रतिशत से घटकर 2026 और 2027 दोनों वर्षों में 5.1 प्रतिशत हो जाएगी। भारतीय अर्थव्यवस्था के गत वित्त वर्ष 2025-26 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है जो 2024-25 के 7.1 प्रतिशत से अधिक है।

*वृद्धि की वजह मजबूत घरेलू खपत व निवेश*

*इस वृद्धि की मुख्य वजह आयकर और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती, खाद्य कीमतों में गिरावट से मजबूत घरेलू खपत और स्थिर सार्वजनिक निवेश को माना जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया, '' वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक माहौल के बिगड़ने के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत पर मजबूत बनी रहने का अनुमान है।*

### महंगाई को नियंत्रित करने ठोस नीतियां

पार्क ने कहा, '' व्यापार नीति में नए सिरे से उत्पन्न अनिश्चितता के कारण अतिरिक्त जोखिम खड़े हो रहे हैं। ऐसे में सरकारों के लिए वृद्धि को बनाए रखने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए ठोस व्यापक आर्थिक नीतियां लागू करना आवश्यक है। साथ ही कमजोर परिवारों की सुरक्षा के लिए लक्षित सहायता उपाय भी किए जाने चाहिए।''

### खाद्य पदार्थों की कीमतें ऊंची बनी रहेगी

एडीबी के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने कहा, '' पश्चिम एशिया में लंबा संघर्ष (विकासशील एशिया व प्रशांत) क्षेत्र के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है क्योंकि इससे ऊर्जा एवं खाद्य पदार्थों की कीमतें लगातार ऊंची बनी रह सकती हैं और वित्तीय स्थितियां और भी कठिन हो सकती हैं।''

### डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे गिरकर 92.68 पर बंद



**मुंबई।** रुपये ने शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुरुआत बढ़त खो दी और 17 पैसे टूटकर 92.68 पर बंद हुआ। अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े तनाव के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। 10 करोड़ डॉलर तक सीमित करने के निर्देश की समय-सीमा शुक्रवार को खत्म हो गई, जिसके कारण रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.58 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.41 के ऊपरी स्तर और 92.76 के निचले स्तर को छूने के बाद 92.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक/डी.एम.एफ./संविदा भर्ती /2026 /1565

राजनांदगांव दिनांक 09/04/2026

**।। वॉक-इन-इंटरव्यू सूचना ।।**

राजनांदगांव जिले अंतर्गत जिला खनिज संस्थान न्यास मद (District Mineral Fund-DMF) 2025–26 में स्वीकृत फार्मासिस्ट - 10 एवं मेडिकल लैब टेक्नीशियन -2 पदों की संविदा भर्ती हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन दिनांक 22-04-2026 से 23-04-2026 को **''कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजनांदगांव''** (गुरूद्वारा के सामने) किया गया है। इच्छुक योग्यताधारी उम्मीदवार सादर आमंत्रित है ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

G-262700145/2

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

आदेश क्र. / 1979/व.ले.लि./2026-27

कोटा, दिनांक 09.04.2026

निविदा सूचना क्र. 11/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 06.01.2026 सिस्टम नं. 183190 (द्वितीय आमंत्रण) ''गोन्दईया एनीकट का निर्माण कार्य'' अनुमोदित लागत राशि रु. 1190.03 लाख की निविदा को मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर (छ.ग.) के पत्र क्र. सा.-1-107 का-2025/737 बिलासपुर दिनांक 08.04.2026 (जी नं. 252605873/1 दिनांक 08.01.2026) के परिपेक्ष्य में उक्त निविदा निरस्त की जाती है।

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कोटा
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

G-262700127/4

**छ.ग.गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-दुर्ग**

**निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञापन क्र. 14**

1. अटल विहार योजना परसदा कुम्हारी, जिला-दुर्ग में कम्यूनिटी हॉल का निर्माण कार्य हेतु प्रपत्र 'फ' में राशि रू. 86.50 लाख (प्रथम आमंत्रण) (ऑनलाईन)
2. अटल विहार योजना मुरमुंदा कुम्हारी, जिला-दुर्ग में 12 मीटर एवं 09 मीटर मुख्य द्वार पर केटल कैचर निर्माण एवं लगाने का कार्य हेतु प्रपत्र 'अ' में राशि रू.11.20 लाख। (द्वितीय आमंत्रण) (मेन्यूवल)

निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत 'द' वर्ग एवं ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी कार्यपालन अभियंता संभाग-दुर्ग के मो.नं. 94242-84256 पर सम्पर्क करें।

S-47474/1 उपायुक्त

# आईटी ने 2.22 लाख से अधिक कर अपीलों का किया निपटान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने करदाताओं के साथ विवाद कम करने के प्रयासों के तहत वित्त वर्ष 2025-26 में 2.22 लाख से अधिक अपीलों का निपटारा किया, जो एक वित्त वर्ष पहले की तुलना में करीब 29 प्रतिशत अधिक है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने आयकर अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि वित्त वर्ष 2026-27 में विभाग की कार्रवाई डेटा आधारित, संतुलित और एक 'निष्पक्ष एवं कुशल' कर प्रणाली के लक्ष्य के अनुरूप होनी चाहिए।अग्रवाल ने कहा कि आयकर विभाग जोखिम पहचान और प्रवर्तन कार्रवाई के लिए डेटा एनालिटिक्स और सूचना-आधारित तरीकों के उपयोग में मजबूती लेकर आया है। इसके तहत गलत कटौती दावों और कुछ इकाइयों द्वारा कारोबार की आय छिपाने जैसे मामलों की पहचान के लिए 'प्रवृत्ति-आधारित' जांच भी की गई।

# टाटा संस का सूचीबद्ध होना जनहित में

**नई दिल्ली।** शापूरजी पलोनजी (एसपी) समूह के चेयरमैन शापूरजी पलोनजी मिस्त्री ने शुक्रवार को एक बार फिर टाटा संस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि यह केवल नियामक नियमों का पालन नहीं है, बल्कि जनहित में एक जरूरी कदम है। मिस्त्री ने इस मामले में सरकार और आरबीआई द्वारा निर्णायक कार्रवाई किए जाने पर भरोसा जताया। टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के बारे में एक बयान में मिस्त्री ने कहा, ''एसपी समूह को भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक पर पूरा भरोसा है कि वे टाटा संस को सूचीबद्ध करने के मामले में निर्णायक कदम उठाएंगे।

**DIRECTORATE OF INSTRUCTIONS**
**Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya,**
**Krishak Nagar, Raipur - 492 012 (C.G.)**

क्रमांक / वि.वि. भण्डार /2026/143 दिनांक :- 09/04/2026

**PG and PhD ADMISSION NOTICE 2026-27**

Online applications are invited from eligible candidates for admission to PG and PhD program of this Vishwavidyalaya in Agriculture, Horticulture and Agricultural Engineering Faculties during academic session 2026-27 as per details given below :

| Particulars | Details |
|---|---|
| Online application and admission details | https://igkv.ac.in |
| Start date of online application | 11.04.2026 |
| Last date for online application | 06.05.2026 |
| PG-CET-2026 offline exam date and timings | 31.05.2026 (10.00 am to 12.00 noon) |
| PhD-CET-2026 offline exam date and timings | 31.05.2026 (02.00 PM to 03.00 PM) |

S- 47472/1 REGISTRAR

**Directorate of Urban Administration & Development**
**Technical Cell, Indravati Bhawan, Atal Nagar (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
**Notice Inviting Tender - (5th Call)**

NIT No:- 2477/TC/UAD/2026-27/ Raipur Dated:- 08/04/2026

| S. N. | System Tender No. | Name of Work/ Description of Work | Probable Amount of Contract (Rs. In Lakh) |
|---|---|---|---|
| 1 | 188522 | Sewerage Treatment Plant Scheme of Capacity 2.80 MLD for Dantewada Town (LUMP-SUM). | 531.57 |
| 2 | 188626 | Sewerage Treatment Plant Scheme of Capacity 4.00 MLD for Sakti Town (LUMP-SUM). | 621.67 |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in from **08.04.2026, 17.30** Hours. (IST) on wards & Last date for Online Bid Submission is **21.04.2026** Up to **17:30** Hours. Physical envelope containing original FDR and affidavit shall reach to this office on or before **23.04.2026, 16:30** Hours by speed post only.

For more details of the tender and bidding process, please visit the above-mentioned portal.

Chief Engineer
Urban Administration &
Development, Atal Nagar

G- 262700122/5

**NAGAR PANCHAYAT SARAGAON,**
**DIST.- JANJGIR-CHAMPA, C.G**

**E-Procurement Tender Notice (6th call)**
**Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**UDD Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

SYSTEM TENDER NO: 188717
NO:33/NIT/SARAGAON/PWD/2026-27 SARAGAON,Dated 10.04.2026

Online bids are invited for the following works of Items up to: Start Date and Time 10.04.2026, 12:10 (Start date & time of Bid preparation).

**Name of Work/Description of Item:** Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Saragaon under SBM 2.0

**Total Probable Amount of Contract:** Rs. 273.37 Lacs

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-proc Portal https://eproc.cgstate.gov.in on Sub Portal of Urban Administration and development Department. https://eproc. cgstate.gov.in from (Start Time) Date 10.04.2026, 12:10 onwards. For more details, terms & conditions on the tender and bidding process you may please visit the Office of the Chief Municipal Officer, NAGAR PANCHAYAT SARAGAON.

**NOTE:-**1.All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Proc portal. (https://eproc.cgstate.gov.in)

| Bid Submission Start Date & Time | Bid Due Date & Time | Physical Submission of EMD/DD & Annexure 13 | Bid Open Date & Time |
|---|---|---|---|
| 10.04.2026, 12:10 | 22.04.2026, 17:30 | 24.04.2026, 17:30 | 27.04.2026, 11:00 |

Chief Municipal Officer,
Nagar Panchayat, SARAGAON

## बिजनेस साइट

### पतंजलि अनुसंधान संस्थान को लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय सम्मान




**हरिद्वार।** वैज्ञानिक रिसर्च और इनोवेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए पतंजलि अनुसंधान संस्थान को लगातार दूसरी बार डॉ. पीडी सेठी नेशनल एचपीटीएलसी अवॉर्ड्स 2025 में प्राइवेट इंडस्ट्री कैटेगरी में फर्स्ट पोजिशन प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि ने एक बार फिर संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाई है। यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड आंवला के बीज तेल पर किए गए रिसर्च के लिए दिया गया, जिसमें इसके पावरफुल एंटी-माइक्रोबियल और बायोफिल्म-रोधी गुणों को उजागर किया गया है। संस्थान को पिछले वर्ष भी यही अवॉर्ड मिला था, जिससे इसकी निरंतर उत्कृष्टता साबित होती है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह अवॉर्ड वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और साइंटिफिक सोच का परिणाम है। उन्होंने इसे समाज को सुरक्षित और प्रभावी समाधान देने के प्रयासों की जीत बताया। संस्थान के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने बताया कि यह अवॉर्ड एनालिटिकल केमिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य को पहचान देने वाला एक प्रतिष्ठित मंच है।

### इफको ने शुरू किया देशव्यापी नैनो उर्वरक जागरूकता महा अभियान



**नई दिल्ली।** इफको ने देशभर में नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत 'नैनो उर्वरक जागरूकता महा अभियान' की शुरुआत की। इफको सदन में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने पांच प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रबंध निदेशक केजे पटेल भी उपस्थित रहे। यह अभियान 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 560 जिलों तथा 3,477 तहसीलों में संचालित किया जाएगा। इसका उद्देश्य किसानों को नैनो उर्वरकों के उपयोग, लाभ और सही तकनीक से अवगत कराना है। हाल ही में नैनो एनपीके लिक्विड और ग्रेन्युलर को उर्वरक नियंत्रण आदेश में अधिसूचित किया जाना कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अभियान को 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन के अनुरूप बताया गया, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की प्रेरणा प्राप्त है। इफको के अनुसार, प्रिंट, टीवी, रेडियो और डिजिटल माध्यमों से चलने वाला यह बहु-आयामी अभियान किसानों के बीच व्यवहार परिवर्तन लाने पर केंद्रित है। साथ ही, ब्राजील में कंपनी का नैनो उर्वरक संयंत्र जून 2026 तक शुरू होने की संभावना है, जो भारत की वैश्विक कृषि तकनीक क्षमता को मजबूत करेगा।

**homefirst** We'll take you home

**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) के परंतुक देखें] अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद्वारा आम जनता और विशेष रूप से कॉलम (ii) में वर्णित ऋणधारक(ओं) और सह-ऋणधारक(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम (iii) में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार देय राशि और ब्याज की वसूली के लिए ले लिया गया है, और चूंकि देय राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री द्वारा देय राशि की वसूली का प्रस्ताव करता है और इसे ''जैसा है जहां है'',''जैसा है वैसा ही'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि वर्णित है। इसके अंतर्गत, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ता (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी ''ऑनलाइन'' आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणधारक(ओं) एवं सह-ऋणधारक(ओं) के नाम | संपत्ति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना राशि | कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि और समय | ईएमडी और दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि और समय | अधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विकाश सिंह, रिया देवी | फ्लैट-पीएच क्रमांक 107/37, खसरा क्रमांक 613/47-48, प्रथम मंजिल पर स्थित फ्लैट क्रमांक LIG-07, ब्लॉक क्रमांक 01, निर्मित क्षेत्रफल 495 वर्ग मीटर या 46.00 वर्ग मीटर, खसरा क्रमांक 613/47-48 के भाग में, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत, कबीर नगर, रायपुर, चंडीगढ़-492001 में स्थित संपत्ति। सीमाएँ: उत्तर: 8, दक्षिण: 6.00 मीटर सड़क, पूर्व: 18.00 मीटर सड़क, पश्चिम: 5। | 03-02-2026 | 4,46,257 | 07-04-2026 | 6,31,125 | 63,113 | 11-05-2026 (11am-2pm) | 09-05-2026 (upto 5pm) | 8197388148 |
| 2. | नेहा शर्मा, अशोक कुमार शर्मा | खसरा क्रमांक 179/4 का भाग, क्षेत्रफल 1955 वर्ग फुट, मौजा-दत्रेंगा, पी.एच. में स्थित संपत्ति। क्रमांक 84, आर.आई.सी.- धरसीवा -18 कंदुल तहसील एवं जिला रायपुर (सी.जी.). रायपुर, छत्तीसगढ़, 492102 उत्तर में सड़क, दक्षिण में विक्रेता की अतिरिक्त भूमि, पूर्व में सड़क, पश्चिम में विक्रेता की अतिरिक्त भूमि से घिरा हुआ है। | 03-02-2026 | 13,72,759 | 07-04-2026 | 13,68,500 | 1,36,850 | 11-05-2026 (11am-2pm) | 09-05-2026 (upto 5pm) | 8197388148 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/विवरण और अन्य नियम एवं शर्तें | ईएमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु खाता नंबर | शाखा का IFSC कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम: ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) हेल्पलाइन नंबर: 1079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति: राम शर्मा - 8000023297 ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net | http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117 होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड - एक्सिस बैंक लिमिटेड, एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

**बोली वृद्धि राशि 10,000/- रुपये** है। यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी। ऑनलाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणापत्र और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें युक्त ई-नीलामी निविदा दस्तावेज पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, संपत्ति पर भार, नीलामी के लिए रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के स्वामित्व और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देयताओं के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की ओर से कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व नहीं है और न ही इसे ऐसा माना जाएगा। संपत्ति होम फर्स्ट को ज्ञात या अज्ञात सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है। अधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तृतीय-पक्ष के दावों/अधिकारों/देयताओं के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। यह बिक्री प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी।

**किसी भी विसंगति की स्थिति में, सूचना का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जाएगा।**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना**

ऋणधारक/जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि वे मांग नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान, अद्यतन ब्याज और अन्य संबंधित खर्चों सहित, ई-नीलामी की तिथि से पहले कर दें। ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया राशि हो तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

दिनांक: 11-04-2026 स्थान: रायपुर

हस्ताक्षरकर्ता /- अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

## खबर संक्षेप



### मास्टर्स टूर्नामेंट: आरोन राय संयुक्त 10वें स्थान पर

**आगस्टा।** भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने शुरुआती चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार शुरुआत की लेकिन आखिर में उनका स्कोर एक अंडर 71 रहा, जिससे वह 90वें मास्टर्स टूर्नामेंट में पहले दौर के बाद संयुक्त 10वें स्थान पर रहे। वह शीर्ष पर चल रहे मौजूदा चैंपियन रोरी मैकलॉय और सैम बर्न्स से चार शॉट पीछे हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया ने पहले दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया। वह अभी संयुक्त 33वें स्थान पर हैं। उन्होंने बैक नाइन पर तीन बोगी और एक डबल बोगी की, जिसके कारण वह अच्छी शुरुआत के बावजूद नीचे खिसक गए।

### जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच बने वाइट



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने तुषार खांडेकर की जगह ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी कोच टिम वाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। खांडेकर 2023 से जूनियर महिला हॉकी टीम के साथ थे। राष्ट्रीय महासंघ ने इस बदलाव के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और वाइट के अनुबंध के कार्यकाल का खुलासा भी नहीं किया। वाइट ने हाल में इस साल जनवरी में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में 'अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स' के मुख्य कोच के तौर पर काम किया था। उन्हें बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया में भी कोचिंग करने का अनुभव है। भारत आने से पहले वाइट बेल्जियम की अंडर-21 महिला टीम के कोच थे और उन्होंने पिछले साल जूनियर विश्व कप में टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

### व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम ने किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** भारत की 3x3 महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होने वाले आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है। राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता 24 से 29 जुलाई तक स्कॉटिश इवेंट कैंपस में खेली जाएगी।

## राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया

# 300 के स्ट्राइक रेट से वैभव ने ठोकी फिफ्टी, लगाए 8 चौके और 7 छक्के

**गुवाहाटी।** भारतीय क्रिकेट के 'धुरंधर' सूर्यवंशी के 26 गेंद में 78 रन की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के मैच में शुक्रवार को गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हराकर अपना अश्वमेधी अभियान जारी रखा। वैभव ने आरसीबी जैसी दिग्गज टीम के खिलाफ 202 रन के लक्ष्य के जवाब में रॉयल्स को दो ओवर बाकी रहते एकतरफा जीत दिलाई। ध्रुव जुरेल ने 43 गेंद में नाबाद 81 रन बनाकर 'फिनिशर' की भूमिका बखूबी निभाई। वैभव ने तेज गेंदबाज अभिनंदन सिंह की गेंद पर लांग आन सीमा के ऊपर 80 मीटर का छक्का लगाया। 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी ने 300 के स्ट्राइक रेट से 26 गेंदों में 78 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 8 चौके और 7 छक्के लगाए। वहीं वैभव ने 15 बॉल पर फिफ्टी ठोकी। जुरेल और सूर्यवंशी ने दूसरे विकेट के लिए 6.1 ओवर में 108 रन जोड़े। जुरेल ने अभिनंदन को खासी नसीहत देते हुए उनके एक ओवर में 24 रन बनाए।

### सूर्यवंशी ने बनाए 3 बड़े रिकॉर्ड

1- वैभव सूर्यवंशी ने इस बेहतरीन पारी के साथ कई दिग्गजों की लिस्ट में एंट्री कर ली है। उन्होंने आईपीएल में भारत के लिए सबसे तेज पचासे के मामले में दूसरी बार अपना सबसे तेज और बतौर भारतीय आईपीएल में तीसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ा।

आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक (भारतीय)

- 13 गेंदः यशस्वी जायसवाल (राजस्थान) बनाम केकेआर, 2023
- 14 गेंदः केएल राहुल (पंजाब किंग्स) बनाम दिल्ली कैपिटल्स, 2018
- 15 गेंदः युसुफ पठान (केकेआर) बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, 2014
- 15 गेंदः वैभव सूर्यवंशी (राजस्थान) बनाम सीएसके, 2026
- 15 गेंदः वैभव सूर्यवंशी (राजस्थान) बनाम आरसीबी, 2026*




2- साथ ही पॉवरप्ले में अर्धशतक के मामले में वैभव ने दिग्गज जोस बटलर की बराबरी की। इस मामले में उन्होंने अपने ओपनिंग पार्टनर यशस्वी जायसवाल समेत चार खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा है।

**पॉवरप्ले के अंदर आईपीएल में सबसे ज्यादा अर्धशतक**

| | |
|---|---|
| जोस बटलर | : 3 बार |
| वैभव सूर्यवंशी | : 3 बार |
| यशस्वी जायसवाल | : 2 बार |
| माइकल लम्ब | : 1 बार |
| बेन स्टोक्स | : 1 बार |
| नीतीश राणा | : 1 बार |

3- इसके अलावा 20 से कम गेंद में सबसे ज्यादा पचासे के मामले में वैभव सूर्यवंशी ने ट्रेविस हेड और मैकगर्क के रिकॉर्ड की बराबरी की है। उन्होंने तीसरी बार 20 से कम गेंद में आईपीएल अर्धशतक जड़ा।

**आईपीएल में 20 से कम गेंद में सबसे ज्यादा अर्धशतक**

- 4 : निकोलस पूरन
- 4 : अभिषेक शर्मा
- 3 : जेक फ्रेजर मैकगर्क
- 3 : ट्रेविस हेड
- 3 : वैभव सूर्यवंशी

### वैभव ने लगाई हेजलवुड की क्लास, 4 गेंद पर ठोके 18 रन

वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर अपना जलवा दिखाया और आरसीबी के खिलाफ 15 गेंद पर अपना अर्धशतक ठोक दिया। उन्होंने जोश हेजलवुड की भयंकर पिटाई की और उनकी 4 गेंद पर भी 18 रन ठोक दिए।

### पाटीदार की कप्तानी पारी

इससे पहले रजत पाटीदार की कप्तानी पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विकेटों के पतन के बीच आठ विकेट पर 201 रन बनाए। पाटीदार ने 40 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों की मदद से 63 रन बनाए। एक समय पर आरसीबी के छह विकेट 94 रन पर गिर गए थे,जिसके बाद उन्होंने मोर्चा संभाला। विराट कोहली (16 गेंद में 32 रन ) समेत गत चैम्पियन आरसीबी के सभी बल्लेबाज तेजी से रन बनाने के प्रयास में आउट हो गए। आखिरी ओवरों में इंपैक्ट सब वेंकटेश अय्यर ने 15 गेंद में 29 रन बनाए, जिसमें संदीप शर्मा के आखिरी ओवर में 21 रन बने।

### जडेजा ने पूरे किए टी20 में 4 हजार रन

रवींद्र जडेजा ने इस मुकाबले में टी20 क्रिकेट में अपने 4 हजार रन पूरे किए। जडेजा इसके साथ ही टी20 क्रिकेट में 4 हजार रन और 200 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। जडेजा से पहले यह कारनामा सिर्फ हार्दिक पांड्या ही कर सके हैं। जडेजा ओवरऑल यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के 25वें खिलाड़ी हैं। जडेजा ने गेंदबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 2 ओवर के स्पेल में सिर्फ 14 रन खर्च किए और रोमारियो शेफर्ड का बड़ा विकेट अपने नाम किया।

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट का जुरेल बो आर्चर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| कोहली बो बिश्नोई | 32 | 16 | 7 | 0 |
| पडिक्कल का हेटमायेर बो आर्चर | 14 | 07 | 3 | 0 |
| पाटीदार का फरेरा बो शर्मा | 63 | 40 | 4 | 4 |
| पंड्या का हेटमायेर बो बिश्नोई | 01 | 06 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा पगबाधा बो बृजेश | 05 | 08 | 0 | 0 |
| डेविड का हेटमायेर बो बृजेश | 13 | 09 | 2 | 0 |
| शेफर्ड का बृजेश बो जडेजा | 22 | 11 | 2 | 1 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 29 | 15 | 1 | 2 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 09 | 07 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 13 रन, कुल : 20 ओवर में 201/8 रन
गेंदबाजी : आर्चर 3-0-33-2, बर्गर 3-0-32-0, शर्मा 4-0-47-1, बिश्नोई 4-0-32-2, जडेजा 2-0-14-1, बृजेश 4-0-37-2

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का शर्मा बो हेजलवुड | 13 | 8 | 0 | 2 |
| सूर्यवंशी का कोहली बो पंड्या | 78 | 26 | 8 | 7 |
| जुरेल नाबाद | 81 | 43 | 8 | 3 |
| हेटमायेर का हेजलवुड बो पंड्या | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पराग का पंड्या बो हेजलवुड | 03 | 05 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 24 | 25 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : तीन रन, कुल: 18 ओवर में 202/4 रन
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-37-0, हेजलवुड 4-0-44-2, अभिनंदन 3-0-54-0, पंड्या 4-0-30-2, डेविड 1-0-18-0, शेफर्ड 2-0-18-0

## यूरोपा लीग

# एस्टन विला की लगातार 8वीं जीत, बोलोग्ना को हराया



**एजेंसी ▶▶| लंदन**

ओली वाटकिंस के दो गोल की मदद से एस्टन विला ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बोलोग्ना को 3-1 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

यह इस प्रतियोगिता में एस्टन विला की लगातार आठवीं जीत थी। क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में हाफ टाइम से ठीक पहले एजरी कोंसा ने यूरी टिलेमैन्स की घुमावदार कॉर्नर किक पर हेडर से एस्टन विला के लिए पहला गोल दागा। वाटकिंस ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही गोलकीपर फेडेरिको रावग्लिया के पैरों के बीच से शॉट मारकर बढ़त को दोगुना कर दिया। अंतिम क्षणों में जोनाथन रोवे ने मेजबान बोलोग्ना के लिए गोल करके अंतर कम किया लेकिन वाटकिंस ने स्टॉपेज टाइम में अपना दूसरा गोल दागकर एस्टन विला को मजबूती प्रदान की। दूसरे चरण में एस्टन विला दो गोल की बढ़त के साथ उतरेगा।

पूर्व यूरोपीय चैंपियन टीमों के मुकाबले में नॉटिंघम फॉरेस्ट ने पोर्टो के खिलाफ 1-1 से रोमांचक ड्रॉ खेला। अन्य मैचों में फ्रीबर्ग ने सेल्टा विगो को 3-0 से और क्रिस्टल पैलेस ने फियोरेंटीना को 3-0 से हराया।

## बिली जीन किंग कप

# जील की डेब्यू मुकाबले में आसान जीत 15 वर्षीय गैंटोर को सीधे सेटों में हराया



**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

जील देसाई ने बिली जीन किंग कप के एशिया/ओशिनिया ग्रुप-1 मुकाबले में अपने पदार्पण मैच में मंगोलिया की 15 वर्षीय अनु-वजिन गैंटोर को सीधे सेटों में हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी।

जील ने डीएलटीए परिसर में खेले गए इस मुकाबले में महज 37 मिनट में अपनी प्रतिद्वंद्वी को 6-0, 6-0 से करारी शिकस्त दी। गैंटोर के अनुभवहीन होने को देखते हुए भारतीय कप्तान विशाल उप्पल ने जील को मौका दिया। टूर्नामेंट में अब तक केवल एक गेम जीत सकी गैंटोर इस स्तर के मुकाबलों के लिए अभी तैयार नहीं दिखीं। गैर-वरीयता प्राप्त गैंटोर को अभी काफी कुछ सीखना है। मुकाबले के दौरान गैंटोर अपने दम पर शायद ही कोई अंक जीत सकीं। उनके खाते में अंक तभी जुड़ा, जब भारतीय खिलाड़ी से कोई गलती हुई।

### जोशी ने चार शॉट से जीता खिताब

**विशाखापत्तनम।** खालिन जोशी ने चौथे और आखिरी दौर में दो अंडर 69 के स्कोर के साथ शुक्रवार को आंध्र ओपन गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। बेंगलुरु के 33 वर्षीय पेशेवर खिलाड़ी ने 68-68-70-69 के कार्ड खेलकर नौ अंडर 275 का कुल स्कोर बनाकर चार शॉट के अंतर से शीर्ष स्थान हासिल किया। पीजीटीआई में खालिन की यह सातवीं जीत है। इस जीत से उन्हें 15 लाख रुपए का इनाम मिला और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई रैंकिंग में वह 55वें से 12वें स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (70-70-74-65) ने अंतिम दौर में कोर्स-रिकॉर्ड छह अंडर 65 का स्कोर बनाकर ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब में पांच अंडर 279 के कुल स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वह तीसरे दौर के बाद 13वें स्थान पर थे। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सत्र की रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे सप्तक तलवार (70-74-68-68) ने दुबई के यश मजमूदार (71-69-69-71) के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। उनका स्कोर चार अंडर 280 रहा।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय, प्लॉट सं. 45, सेक्टर 24, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) 492101

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता/शाखा का नाम | संपत्ति का विवरण | प्रकार / सीमा / बकाया ऋण |
|---|---|---|
| 1. मेसर्स श्री श्रीयम ग्लोबल, प्रोपराइटर श्री रणधीर सिंह, प्लॉट नं. 50, सेक्टर-1, इंडस्ट्रियल एरिया, फूड पार्क, ग्राम- बगौद, तहसील- कुरूद, धमतरी (छ.ग.) पिनकोड-493663. 2. श्री रणधीर सिंह पिता स्व. श्री गोपाल सिंह, जी-7 अनुपम नगर, गणेश मंदिर के पास, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) पिनकोड-492007. रायपुर मुख्य शाखा (छ.ग.) | शीर्षक धारक का नाम- मेसर्स श्री श्रीयम ग्लोबल, प्रोपराइटर श्री रणधीर सिंह, प्लॉट नंबर 50, खसरा नं. 1565 (भाग), प.ह.नं. 17, सेक्टर-1, औद्योगिक क्षेत्र फूड पार्क, ग्राम- बगौद, तहसील- कुरूद, जिला - धमतरी (छ.ग.) क्षेत्रफल - 646 वर्ग मीटर/ 0.065 हेक्टेयर में स्थित औद्योगिक भूमि और भवन के साम्यिक बंधक। चौहद्दीः उत्तर- सीएसआईडीसी पार्किंग क्षेत्र, दक्षिण- प्लॉट नं. 49, पूर्व- प्लॉट नं. 35, पश्चिम- 18 मीटर चौड़ी सीएसआईडीसी सड़क। | MSME - OD/OCC MSME- Term Loan/GECL; ₹ 65,00,000.00; 09/04/2026 से कुल देय धनराशि ₹ 27,67,102.41 एनपीए तिथि 07/04/2026 |
| 1. श्री यश अग्रवाल, कानूनी वारिस (पुत्र स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल), 2. श्री प्रतीक कुमार अग्रवाल, कानूनी वारिस (पुत्र स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल), 3. श्रीमती सरिता अग्रवाल, कानूनी वारिस (पति स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल) 4. स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री बजरंग लाल अग्रवाल, प्रोपराइटर प्रतीक एसोसियेट्स के अन्य कानूनी वारिस। 5. श्रीमती सरिता अग्रवाल, कानूनी वारिस (पति स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल) (गारंटर एवं बंधककर्ता), सभी का पताः EWS 44, सांस्कृतिक भवन के पास, वार्ड नं. 10, वैशाली नगर, सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 490023. भिलाई बी मार्केट (मुख्य) शाखा | 1. शीर्षक धारक का नामः स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री बजरंग लाल अग्रवाल, खसरा नं. 481/1, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड, वैशाली नगर, वार्ड नं. 15, सुपेला भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़-490023, क्षेत्रफल- 98.00 वर्ग मीटर में स्थित EWS-44 के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दीः उत्तर- EWS-45, दक्षिण- EWS-43, पूर्व- EWS-77, पश्चिम- सड़क। 2. शीर्षक धारक का नामः स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री बजरंग लाल अग्रवाल एवं श्रीमती सरिता अग्रवाल पति स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल, खसरा नं. 481/1, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड, वैशाली नगर, वार्ड नं. 15, सुपेला भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़-490023, क्षेत्रफल- 98.00 वर्ग मीटर में स्थित EWS-45 के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दीः उत्तर- EWS-46, दक्षिण- EWS-44, पूर्व- EWS-76, पश्चिम- सड़क। | CC/ODBD/GECL; ₹ 20,00,00,000/-; 07/04/2026 से कुल देय धनराशि ₹ 1,98,18,429.59 एनपीए तिथि 30/03/2026 |
| 1. मेसर्स शिवरुद्राष्टक एंड एसोसिएट्स, प्रोप. आलोक कुमार सिंह, डी-63 ऐश्वर्या किंगडम, कचना रोड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने, रायपुर, रायपुर- 492001, 2. श्री आलोक कुमार सिंह पुत्र विनोद सिंह परिहार, डी-63 ऐश्वर्या किंगडम, कचना रोड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने, रायपुर, रायपुर -492001 3. श्री विनोद कुमार सिंह पुत्र विक्रम सिंह, डी-63 ऐश्वर्या किंगडम, रायपुर, रायपुर 492001. फूल चौक शाखा, रायपुर (छ.ग.) | शीर्षक धारक का नाम- श्री विनोद कुमार सिंह पुत्र विक्रम सिंह, मकान/भूखंड नं. एम.आई.जी. क्रमांक- II/44, पी. सी. नं. 113, अवंति विहार कॉलोनी, तेलीबांधा रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल - 177 वर्ग मीटर में स्थित आवासीय भूमि व भवन के समस्त भाग व अंश। चौहद्दीः उत्तर- एम.आई.जी. क्र-11/45, दक्षिण- सड़क, पूर्व- एम.आई.जी. एसआर-11/47, पश्चिम- सड़क. | MSME/OD/OCC; ₹ 89,00,000.00; 09/04/2026 से कुल देय धनराशि ₹ 81,20,431.00 एनपीए तिथि 08/04/2026 |

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 10.04.2026 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

## कैंडिडेट्स शतरंज

# बढ़त को और बढ़ाने आज गोर्याचकिना से भिड़ेंगी वैशाली



**एजेंसी ▶▶| पाफोस**

आर. प्रज्ञानानंदा के खिताबी दौड़ से बाहर होने के बाद सबका ध्यान उनकी बहन आर. वैशाली पर लगा हुआ है, जो एकल बढ़त बनाए हैं और विश्राम के बाद शनिवार को महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 11वें दौर में रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना का सामना करेंगी।

वैशाली का लक्ष्य अपनी बढ़त को और बढ़ाना और खिताब के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत करना है। अगर वह ऐसा कर पाती हैं तो उन्हें इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन जू वेनजुन के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। चार दौर बाकी रहते हुए वैशाली तीन भारतीय खिलाड़ियों में सबसे आगे चल रही हैं। वह अपने छोटे भाई आर प्रज्ञानानंदा (ओपन वर्ग) और दिव्या देशमुख से आगे हैं। वैशाली ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक और चीन की झू जिनर पर आधे अंक की बढ़त बनाई हुई है। कैटरीना लागनो, अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना और कजाखस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा पांच अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि दिव्या देशमुख उनसे और आधे अंक पीछे हैं। पूर्व महिला विश्व चैंपियन टैन झोंगयी 3.5 अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं।

### वैशाली ने अब तक हासिल की तीन जीत

वैशाली ने अब तक तीन जीत हासिल की हैं और सिर्फ एक बाजी गंवाई है। गोर्याचकिना के साथ बाजी के बाद उन्हें चीन की दो खिलाड़ियों और कैटरीना के खिलाफ बाजी खेलनी हैं।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com